वैशाख कृष्ण - 8 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 273 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » बुधवार » 01-05-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 अल्पसंख्यक समुदाय को क्यों निशाना बनाया जा रहा है : खरगे

6 राष्ट्र के प्रगति चक्र में श्रमिकों की भूमिका

7 अजय देवगन की फिल्म 'औरों में कहां दम था' को मिली नई रिलीज डेट

## फर्स्ट टेक

### ईडी ने गेमिंग घोटाले में 90 करोड़ रुपए की क्रिप्टो संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक ऑनलाइन गेमिंग ऐप 'घोटाले' में बाइनेंस, जेबपे और वजीरएक्स जैसे मंचों के क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में रखे 90 करोड़ रुपए को अपने कब्जे में ले लिया है। वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि गेमिंग घोटाले से संबंधित धनशोधन जांच के क्रम में इन क्रिप्टो संपत्तियों को कब्जे में लिया गया और फिर उसे ईडी के क्रिप्टो वॉलेट में स्थानांतरित कर दिया गया। यह जांच 'ई-नगेट' नाम के एक फर्जी ऑनलाइन गेमिंग ऐप से संबंधित है। खुद को एक गेमिंग मंच बताने वाले ई-नगेट ने उपयोगकर्ताओं को निवेश पर ज्यादा रिटर्न देने का वादा किया था।

### ब्रिटेन में एक युवक ने पांच लोगों पर तलवार से किया हमला, गिरफ्तार

**लंदन/भाषा।** ब्रिटेन में पूर्वी लंदन ट्यूब स्टेशन के पास 36 वर्षीय युवक ने मंगलवार को वाहन से एक घर को टक्कर मारने के बाद दो पुलिस अधिकारियों समेत कम से कम पांच लोगों को तलवार से हमला कर घायल कर दिया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने यह जानकारी दी और कहा कि हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हैनॉल्ट इलाके की इस घटना में घायल हुए लोगों को मौके पर प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इसे 'स्तब्ध करने वाली घटना' करार दिया और कहा कि देश की सड़कों पर ऐसी हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

### उबर ने पूरे पाकिस्तान में परिचालन बंद किया

**कराची/भाषा।** स्थानीय कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच, ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग की सुविधा देने वाली वैश्विक कंपनी उबर ने पाकिस्तान में सभी परिचालन बंद कर दिए हैं। एक प्रवक्ता ने मंगलवार को इस बात की पुष्टि की। इससे पहले उबर ने 2022 में कुछ प्रमुख शहरों में अपनी सेवाएं बंद की थीं। एक प्रवक्ता ने कहा, हमारा अनुषंगी ब्रांड 'करीम' पूरे पाकिस्तान में टैक्सी सेवाएं प्रदान करना जारी रखेगा। उबर ने 2019 में अपने प्रतिस्पर्धी करीम का 3.1 अरब अमेरिकी डॉलर में अधिग्रहण किया था। उस समय दोनों कंपनियों ने कहा था कि वे अपनी-अपनी क्षेत्रीय सेवाओं और स्वतंत्र ब्रांडों का संचालन जारी रखेंगी। उबर ने 2022 में कराची, मुल्तान, फैसलाबाद, पेशावर और इस्लामाबाद में परिचालन बंद कर दिया था। कंपनी ने कहा कि जिन उबर उपयोगकर्ताओं के खातों में शेष राशि है, वे नियत समय में अपनी राशि वापस पा सकते हैं और उन्हें करीम की मुफ्त सेवाएं भी मिलेंगी।

| | |
|---|---|
| 01-05-2024 सूर्यास्त 5:58 बजे | 02-05-2024 सूर्योदय 6:34 बजे |
| BSE 74,482.78 (-188.50) | NSE 22,604.85 (-38.55) |
| सोना 7,644 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 86,016 रु. प्रति किलो |

**तीसरी बार सत्ता में आने पर**

# दो साल में नक्सलवाद को खत्म कर देंगे : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो दो साल के भीतर देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देंगे।

अहमदाबाद शहर के नरोदा इलाके में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने मतदाताओं से मोदी को फिर से चुनने का आग्रह किया ताकि वह नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म कर सकें। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद अब काफी हद तक छत्तीसगढ़ तक ही सीमित है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा, ''पिछले पांच वर्षों के दौरान, बिहार, झारखंड, ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश नक्सलवाद से मुक्त हो गए हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में नक्सली अभी भी मौजूद हैं। प्रधानमंत्री मोदी को तीसरा कार्यकाल दें, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं मोदीजी दो साल में देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देंगे।'' शाह अहमदाबाद-पूर्व लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हसमुख पटेल के समर्थन में रैली को संबोधित कर रहे थे।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 साल से अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी।

# जब तक मैं जिंदा हूं धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देने दूंगा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि जब तक वह जीवित हैं दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण मुसलमानों को धर्म के आधार पर नहीं देने देंगे।

मोदी ने यह बात कांग्रेस के इस आरोप पर कही कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संविधान को बदल देगी और आरक्षण खत्म कर देगी।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने (अविभाजित आंध्र प्रदेश में) सत्ता में रहने के दौरान, पिछड़ा वर्ग का आरक्षण मुसलमानों को देकर राज्य को ''तुष्टीकरण की प्रयोगशाला'' बना दिया। जहीराबाद लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ''जब तक मोदी जिंदा है, मैं दलितों, आदिवासियों और ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को धर्म के आधार पर नहीं देने दूंगा।'' उन्होंने दावा किया कि जब 2004 और 2009 में, अविभाजित आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के रिकॉर्ड संख्या में सांसद एवं विधायक थे, उसने पिछड़ा वर्ग का आरक्षण मुसलमानों को दे दिया था। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में 26 जातियां लंबे समय से ओबीसी का दर्जा मांग रही हैं लेकिन कांग्रेस ने इसे मंजूरी नहीं दी बल्कि ''रातोंरात'' मुसलमानों को ओबीसी में श्रेणीबद्ध कर दिया।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने पहले दिन से ही संविधान का अपमान करना शुरू कर दिया था, जब इसने भीम राव आंबेडकर द्वारा लिखे संविधान से रामायण एवं महाभारत के चित्र हटा दिये।

### हम आतंकवादियों को घर में घुसकर मारते हैं

**लातूर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि मुंबई हमले के बाद कांग्रेस सरकार के दौरान डोजियर भेजने के चलन के विपरीत भाजपा नीत सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा। मोदी ने महाराष्ट्र के लातूर में एक चुनावी रैली में कहा, कांग्रेस शासन के दौरान खबरों की सुर्खियां होती थी कि भारत ने आतंकी गतिविधियों के बारे में पाकिस्तान को एक और डोजियर सौंपा। उन्होंने कहा, यह बड़ी खबर हुआ करती थी। मीडिया में हमारे कुछ मित्र ऐसे किसी भी डोजियर के भेजे जाने पर ताली बजाते थे। मोदी ने कहा, आज भारत डोजियर नहीं भेजता। आज भारत घर में घुस के मरता है।

# भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए आत्मनिर्भरता जरूरी : मनोज पांडे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को कहा कि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर, विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम और सूचना प्रणाली जैसे नए क्षेत्रों में पहुंच गया है और भारत को भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी क्षमताएं विकसित करनी होंगी।

सेना प्रमुख ने विशेष रूप से सशस्त्र बलों में ''प्रौद्योगिकी समावेशन'' और ''आत्मनिर्भरता'' के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि दोनों अलग-अलग हैं फिर भी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। जनरल पांडे ने कहा कि भारत को अपनी स्वदेशी सैन्य क्षमताएं विकसित करनी चाहिए क्योंकि कोई भी देश उसके साथ नवीनतम, उन्नत और महत्वपूर्ण तकनीक साझा नहीं करेगा।



उन्होंने कहा, युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर, विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम और सूचना जैसे नए क्षेत्रों में पहुंच गया है। इनके परिणामस्वरूप, पारंपरिक सैन्य बल अनुपात, जो अतीत में सैन्य ताकत और श्रेष्ठता का पैमाना था, आज गौण हो गया है। जनरल पांडे ने चौथे जनरल के सुंदरजी स्मृति व्याख्यान में यह टिप्पणी की। उन्होंने युद्ध के मैदान पर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाने की जरूरत पर प्रकाश डाला।

सेना प्रमुख ने कहा, युद्ध लड़ने की प्रणालियों में प्रौद्योगिकी को शामिल करने और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता आज भी कायम है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण घटकों के लिए बाहरी निर्भरता के प्रभाव, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, कोविड-19 महामारी के दौरान और रूस-यूक्रेन संघर्ष से भी सबक मिले। उन्होंने कहा, हमें यह जानने की जरूरत है कि कोई भी देश हमारे साथ नवीनतम, उन्नत और महत्वपूर्ण तकनीक साझा नहीं करेगा।

सेना प्रमुख ने कहा कि महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए आयात पर निर्भर रहने से विशिष्ट क्षेत्रों में पीछे रह जाने का जोखिम रहता है। उन्होंने कहा, इसलिए, इसका जवाब आत्मनिर्भर होने और स्वदेशी अनुसंधान और विकास के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने में निहित है।



# शिक्षा बदलाव का सबसे प्रभावी साधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शिक्षा को बदलाव का साधन करार देते हुए कहा है कि हर बच्चे को अपनी रुचि के अनुसार अपनी प्रतिभा अभिव्यक्त करने का अवसर मिलना चाहिए। धनखड़ ने मंगलवार को राजस्थान के जयपुर में राजस्थान पत्रिका के संस्थापक स्वर्गीय कर्पूर चन्द कुलिश की स्मृति में स्थापित द कुलिश स्कूल का उद्घाटन करते हुए कहा कि शिक्षा समाज को सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। हर क्षेत्र में वही लोग नेतृत्व कर रहे हैं जिन्होंने शिक्षा में भी अपना स्थान बनाया।

उपराष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि हर बच्चे को उसकी रुचि के अनुरूप अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए।

**बाबा रामदेव के खिलाफ अदालती कार्यवाही पर**

# आईएमए अध्यक्ष के मीडिया में दिए बयान से उच्चतम न्यायालय नाराज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों से उत्पन्न अदालती कार्यवाही के खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ आर वी अशोकन की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया और मंगलवार को उसके अधिवक्ता से कहा कि आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने मौखिक रूप से यह टिप्पणी करते हुए बाबा रामदेव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी को इस मामले में वर्तमान आईएमए अध्यक्ष डॉ अशोकन द्वारा मीडिया के समक्ष दिए गए बयानों को अदालत के रिकॉर्ड पर लाने की अनुमति दी।



पीठ ने आईएमए के वकील से मौखिक रूप से कहा, आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति कोहली की पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए सात मई की तारीख मुकर्रर करते हुए रोहतगी को दो दिनों के भीतर इस संबंध में (बयान) एक आवेदन दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा, 'हम इस मुद्दे से अलग से निपटेंगे।'

इससे पहले पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रोहतगी ने आईएमए अध्यक्ष के हवाले वाली खबरों को सामने लाने लाने की मांग करते हुए कहा कि ये अदालती कार्यवाही पर दुर्भाग्यपूर्ण और परेशान करने वाली टिप्पणियां हैं।

पीठ ने रोहतगी की दलील पर जवाब देते हुए पीठ ने आईएमए के अधिवक्ता से कहा, यह सबसे गंभीर बात होगी...परिणामों के लिए तैयार रहें। समाचार रिपोर्ट में डाक्टर अशोकन के हवाले से कहा गया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उच्चतम न्यायालय ने आईएमए और निजी प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों की प्रथाओं की भी आलोचना की। उन्होंने दावा किया, 'अस्पष्ट और सामान्यीकृत बयानों' ने निजी डॉक्टरों को हतोत्साहित कर दिया है।

खबरों में आईएम अध्यक्ष के ये बयान, हम ईमानदारी से मानते हैं कि उन्हें (शीर्ष अदालत को) यह देखने की ज़रूरत है कि उनके सामने क्या सामग्री थी।


# उच्चतम न्यायालय ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय को लेकर ईडी से सवाल किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को जीवन और स्वतंत्रता को बेहद अहम करार देते हुए आम चुनाव से पहले आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवाल किया और जांच एजेंसी से इसका जवाब मांगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई जारी रखते हुए ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कई सवाल पूछे और शुक्रवार को इनका जवाब मांगा। पीठ ने राजू से कहा, ''जीवन और स्वतंत्रता बेहद अहम हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते।'' पीठ ने इस मामले में न्यायिक कार्यवाही शुरू करने और गिरफ्तारी की कार्रवाई के बीच की लंबी अवधि को भी चिह्नित किया और कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा आठ अधिकतम 365 दिन की सीमा प्रदान करती है।

शीर्ष अदालत में केजरीवाल की याचिका पर अगली सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है।

पीठ ने कहा, '' श्रीमान राजू, हमारे कुछ सवाल हैं और हम चाहेंगे कि अपना पक्ष रखते समय इनका आप जवाब दें।



### फिर फटा माउंट रुआंग ज्वालामुखी

**मानादो (इंडोनेशिया)/एपी।** इंडोनेशिया का माउंट रुआंग ज्वालामुखी दो सप्ताह के भीतर दूसरी बार मंगलवार को फिर से फट गया, जिससे करीब दो किलोमीटर दूर तक आसमान में गुबार फैल गया और एक हवाई अड्डे को बंद करना पड़ा। ज्वालामुखी फटने की वजह से उसका मलबा आस-पास के गांवों में फैल गया। इंडोनेशियाई भूवैज्ञानिक सेवा ने ज्वालामुखी फटने का संकेत मिलने के बाद सुलावेसी द्वीप पर चेतावनी जारी की थी और आस-पास के गांवों में रहने वाले लोगों और पर्वतारोहियों से ज्वालामुखी से कम से कम छह किलोमीटर दूर रहने का आग्रह किया था।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### नेता-अभिनेता

प्रायोजित हैं साक्षात्कार,
सोची समझी मन की बातें।
हैं दुरभि संधि से सब रिश्ते,
कमजोर सियासत की आँतें।
सबको मालूम सभी का सच,
किसके कैसे दिन या रातें।
नेता अभिनेता ना कहते,
कैसे करते वे प्रतिघातें ।।

# एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन की अदालत में कोविड टीके के 'बहुत दुर्लभ' दुष्प्रभाव को स्वीकार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लंदन/भाषा।** ब्रिटेन स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया है कि इसका कोविड टीका रक्त के थक्के जमाने संबंधी दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकता है, लेकिन इनके बीच कोई संबंध होने की जानकारी नहीं है। ब्रिटेन के एक अखबार ने अदालती दस्तावेज के हवाले से यह दावा किया है।

'द डेली टेलीग्राफ' की रिपोर्ट के अनुसार, 51 वादियों द्वारा एक सामूहिक कार्रवाई के अनुरोध पर फरवरी में लंदन स्थित उच्च न्यायालय में एक कानूनी दस्तावेज सौंपा गया था। एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि कोविड-19 से बचाव के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा ईजाद किया गया टीका ''बहुत दुर्लभ मामलों में'' रक्त के थक्के जमा सकता है और प्लेटलेट की संख्या को घटा सकता है।



एस्ट्राजेनेका वैक्सजेव्रिया टीके का उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने भी किया था और इस टीके को भारत में 'कोविशील्ड' नाम से जाना जाता है।

अखबार ने कानूनी दस्तावेज के हवाले से कहा है, यह स्वीकार किया गया है कि एस्ट्राजेनेका टीका, बहुत दुर्लभ मामलों में रक्त के थक्के जमा सकता है और प्लेटलेट की संख्या को घटा सकता है। लेकिन इसका कारण अज्ञात है। साथ ही, यह दुष्प्रभाव एस्ट्राजेनेका टीका (या कोई अन्य टीका) नहीं लगाने की स्थिति में भी देखने को मिल सकता है...।

वाद दायर करने वालों की ओर से पेश हुए वकीलों ने कहा कि वे या उनके प्रियजन, जिन्होंने एस्ट्राजेनका टीका लगवाया है, उनमें एक दुर्लभ लक्षण पाया गया है जिसे रक्त का थक्का जमना और प्लेटलेट की कमी (टीटीएस) के रूप में परिभाषित किया गया है।

# एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नए नौसेना प्रमुख का प्रभार संभाला

**नई दिल्ली/भाषा।** संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को देश के 26वें नौसेना अध्यक्ष का प्रभार संभाल लिया। उन्होंने आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने पर नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला है। रीवा के सैनिक स्कूल के भूतपूर्व छात्र एडमिरल त्रिपाठी इससे पहले नौसेना के उप प्रमुख का पद संभाल रहे थे।



एडमिरल त्रिपाठी का 15 मई 1964 को जन्म हुआ था और एक जुलाई 1985 में वह भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ वाइस एडमिरल त्रिपाठी का करीब 30 वर्ष का लंबा और विशिष्ट करियर रहा है।

एडमिरल त्रिपाठी ने भारतीय नौसैन्य जहाज विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान भी संभाली है। नौसेना के उप प्रमुख का पद संभालने से पहले वह पश्चिमी नौसैन्य कमान के फ्लैट ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रह चुके हैं। रियर एडमिरल के तौर पर वह ईस्टर्न फ्लीट के फ्लैट ऑफिसर कमांडिंग रह चुके हैं।

### इंदौर में कांग्रेस को एक और झटका

# मप्र उच्च न्यायालय ने खारिज की ‘डमी’ उम्मीदवार की याचिका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर/भाषा।** कांग्रेस को इंदौर लोकसभा क्षेत्र में एक बार फिर झटका लगा, जब मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने उसके डमी (वैकल्पिक) उम्मीदवार मोती सिंह की रिट याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। सिंह का नामांकन पत्र निर्वाचन अधिकारी द्वारा चार दिन पहले खारिज किया जा चुका है, लेकिन उन्होंने इंदौर से कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेने का हवाला देते हुए अदालत से गुहार लगायी थी कि उन्हें पार्टी के चुनाव चिन्ह के साथ चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाए। न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने याचिकाकर्ता और चुनाव आयोग की दलीलें सुनने के बाद सिंह की रिट याचिका खारिज कर दी।

उच्च न्यायालय ने सुनवाई के दौरान मौखिक टिप्पणी की कि चूंकि सिंह का पर्चा खारिज हो चुका है और उनका नाम चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची में नहीं है, इसलिए वह चुनावी दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके हैं। एकल पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाया गया मामला चुनाव याचिका का विषय है। सिंह की ओर से अदालत में कहा गया कि निर्वाचन अधिकारी ने उनका पर्चा दस्तावेजों की छानबीन के दौरान 26 अप्रैल को केवल इस आधार पर खारिज कर दिया था कि वह महज वैकल्पिक उम्मीदवार है, जबकि बम पार्टी के स्वीकृत प्रत्याशी हैं। कांग्रेस के डमी उम्मीदवार की ओर से कहा गया कि चूंकि बम ने पर्चा वापस ले लिया है, इसलिए चुनाव चिन्ह (आरक्षण एवं आवंटन आदेश) 1968 के तहत सिंह को कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पंजे के साथ के साथ पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए। उधर, चुनाव आयोग की ओर से सिंह की याचिका के खिलाफ दलील दी गई कि यह मामला ‘‘रिले रेस’’ की तरह है, यानी बैटन थामे रखने के लिए धावक को दौड़ में बने रहना होता है। चुनाव आयोग की ओर से यह भी कहा गया कि निर्वाचन अधिकारी ने सिंह का पर्चा इसलिए रद्द किया क्योंकि उन्होंने इसमें 10 प्रस्तावकों का कॉलम खाली छोड़ दिया था।

# शरद पवार ने कहा, नेहरू-गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों ने देश के लिए खुद को दान कर दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ‘शहजादा’ करार देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की और कहा कि नेहरू-गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों ने देश के लिए खुद को बलिदान कर दिया।

अपनी पार्टी के उम्मीदवार के लिए जुन्नार में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि मौसम संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहे आम लोगों की दुर्दशा को समझने के लिए जमीन पर उतरने के लिए राहुल गांधी की प्रशंसा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को पता होना चाहिए कि राहुल गांधी, जिन्हें वह शहजादा कहते हैं, की तीन पीढ़ियों ने इस देश की सेवा की है और अपना जीवन बलिदान किया है। पवार ने कहा, जवाहरलाल नेहरू आजादी से पहले 13 साल तक जेल में रहे थे। बाद में उन्होंने देश को सभी क्षेत्र में आगे ले जाने की दिशा में काम किया और लोकतंत्र का शासन सुनिश्चित किया। राहुल गांधी की दादी इंदिरा गांधी ने गरीबी उन्मूलन के लिए अथक प्रयास किया। इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई। इसके बाद राहुल के पिता राजीव गांधी ने आधुनिकता को अपनाया और इसके लिए काम किया, लेकिन वह भी एक बम धमाके में मारे गए। पवार ने कहा कि राहुल गांधी की तीन पीढ़ियों ने देश के लिए बड़ा बलिदान दिया लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल को ‘शहजादा’ करार दिया।

पवार ने कहा, मौसम संबंधी चुनौती का सामना कर रहे लोगों की कठिनाई को समझने के लिए इस ‘शहजादा’ ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल यात्रा (भारत जोड़ो यात्रा) की। सराहना करने के बजाय देश के प्रधानमंत्री ने ‘शहजादा’ कहकर उनका मजाक उड़ाया।

## चाचा नेहरू अस्पताल को बम की धमकी वाला ईमेल मिला, अफवाह घोषित किया गया

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल को मंगलवार सुबह मिले बम की धमकी वाले ई-मेल को अफवाह घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि एक अस्पताल कर्मी को पूर्वाह्न 10 बजे ईमेल प्राप्त हुआ, जिसके बाद ‘बम डिटेक्शन टीम, बम निरोधक दस्ता, दिल्ली दमकल सेवा का एक दल और स्थानीय पुलिस तत्काल बच्चों के इस अस्पताल में पहुंची। पुलिस ने बताया कि अस्पताल में तलाशी अभियान चलाया गया और धमकी को अफवाह घोषित किया गया। पुलिस के अनुसार, ईमेल भेजने वाले ने एक ही ईमेल को एक ही समय पर कई संस्थानों और सरकारी निकायों को भेजने का प्रयास किया। हालांकि कुछ ईमेल आईडी गलत पाईं गईं। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ और अन्य एजेंसियों को सूचित कर दिया गया है और वे जांच कर रहे हैं।

## उत्तराखंड में वनाग्नि की 68 नई घटनाएं सामने आईं

**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड के जंगलों में भड़की आग मंगलवार को तेज हो गई। पिछले 24 घंटे में वनाग्नि की 68 नई घटनाएं सामने आईं जबकि आग बुझाने के दौरान दो ‘फायर वॉचर’ घायल हो गए। प्रदेश के वन विभाग द्वारा यहां जारी बुलेटिन के अनुसार जंगलों में आग लगने की ज्यादातर घटनाएं गढ़वाल क्षेत्र में हुईं जहां 44 नई जगहों पर आग लगने की सूचना मिली, कुमाउं में 17 और वन्यजीव क्षेत्रों में सात जगह आग लगी। इन घटनाओं में 88.46 हेक्टेअर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ जबकि वन संपदा को 3,78,352 रुपए की आर्थिक क्षति हुई। पिछले साल एक नवंबर से लेकर अब तक प्रदेश के जंगलों में आग लगने की कुल 721 घटनाएं हुई हैं जिनमें 902.5575 हेक्टेअर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है और इसमें 20,56,989 रुपए का नुकसान हुआ है।

आग बुझाने के अभियान में लगे दो ‘फायर वाचर’ घायल भी हो गए। नैनीताल वन प्रभाग के तहत भवाली रेंज तथा अल्मोड़ा वन प्रभाग की कोसी रेंज में एक-एक ‘फायर वाचर’ वनाग्नि को बुझाने के दौरान आग में झुलसने से घायल हो गए। अपर प्रमुख वन संरक्षक (वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन) निशांत वर्मा ने बताया कि आग बुझाने के प्रयास युद्धस्तर पर जारी हैं। उन्होंने बताया कि वनाग्नि से निपटने के लिए लोगों में जागरुकता फैलाने के साथ ही जानबूझकर आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। वर्मा ने बताया कि अब तक प्रदेश में 298 लोगों के खिलाफ जंगलों में आग लगाने के लिए मामले दर्ज किए गए हैं जिनमें से 50 के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# नरेंद्र मोदी रिमोट से जगन मोहन रेड्डी को नियंत्रित कर रहे हैं : शर्मिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रावुलापलेम (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाई एस शर्मिला ने मंगलवार को आरोप लगाया कि वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की धुन पर नाच रहे हैं जो रिमोट कंट्रोल से संचालित होने के समान है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख ने राज्य भर में अपने चुनावी दौरे के तहत कोनासीमा जिले के रावुलापलेम में अपने बड़े भाई जगन के खिलाफ यह बयान दिया। शर्मिला ने कहा, पिछले पांच साल से जगन मोहन रेड्डी को नरेन्द्र मोदी रिमोट कंट्रोल से नियंत्रित कर रहे हैं। उस रिमोट कंट्रोल के जरिए मोदी जो भी काम देते हैं, वे वही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब मणिपुर में दंगे हुए तो मोदी ने रिमोट कंट्रोल को ‘म्यूट’ कर दिया ताकि जगन मोहन रेड्डी चुप हो जाएं। उन्होंने जगन के उन हालिया दावों का खंडन करने के लिए यह टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू के हाथों में रिमोट कंट्रोल बन गई है।

कडप्पा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं शर्मिला ने कहा कि वह केवल इसलिए चुनाव लड़ रही हैं क्योंकि वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख ने उनके चचेरे भाई वाई एस अविनाश रेड्डी को उसी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि अगर कडप्पा लोकसभा सीट से उम्मीदवार के तौर पर किसी और को टिकट दिया जाता तो वह चुनाव नहीं लड़तीं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों में उनके पिता वाई एस राजशेखर रेड्डी का नाम शामिल नहीं किया बल्कि यह जगन मोहन रेड्डी थे जिन्होंने उनका नाम जोड़ा। उन्होंने कहा, यह जगन द्वारा (भ्रष्टाचार) मामलों से बचने के लिए किया गया एक बुरा काम था। वह इस साजिश का कारण हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश के लोगों से ‘इस बारे में सोचने’ का आह्वान किया। शर्मिला ने यह भी आरोप लगाया कि जगन राज्य के सभी बंदरगाहों को अडानी समूह को आवंटित कर रहे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) आंध्र प्रदेश में विपक्षी गठबंधन ‘इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस’ (‘इंडिया’) के साझेदार हैं।

## पति व ससुराल वालों के खिलाफ झूठे पुलिस मामले दर्ज करना क्रूरता : उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने कहा कि पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ झूठे मामला दर्ज कराना क्रूरता है। इसके साथ ही उच्च न्यायालय ने एक कुटुम्ब अदालत द्वारा एक दंपति को दिए गए तलाक को रद्द करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने एक महिला द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। महिला ने अपनी याचिका में अपने वैवाहिक अधिकारों को बहाल किए जाने का अनुरोध किया था और कुटुम्ब अदालत के फरवरी 2023 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें तलाक की मंजूरी दी गई थी।

पति ने अपनी पत्नी की क्रूरता और उसके अलग हो जाने के आधार पर तलाक मांगा था। उच्च न्यायालय ने 25 अप्रैल को यह आदेश दिया जिसकी प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। न्यायमूर्ति वाई जी खोबरागड़े ने कहा कि घरेलू हिंसा कानून के तहत कार्यवाही शुरू करना और वैवाहिक अधिकारों की बहाली की मांग करना अपने आप में क्रूरता नहीं है। उन्होंने कहा, लेकिन, पति, उसके पिता, भाई और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ पुलिस के पास विभिन्न झूठी, आधारहीन रिपोर्ट दर्ज करना निश्चित रूप से क्रूरता के दायरे में आता है।

इस जोड़े की 2004 में शादी हुई और 2012 तक वे साथ रहे। पति ने दावा किया कि 2012 में उसकी पत्नी ने उसे छोड़ दिया और अपने अपने माता-पिता के घर में रहने लगी। बाद में महिला ने अपने पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ झूठी शिकायतें दर्ज करायी।

पति ने अपनी पत्नी के खिलाफ कुटुम्ब अदालत में दायर याचिका में दावा किया कि इन झूठी शिकायतों के कारण उसे और उसके परिवार के सदस्यों को मानसिक क्रूरता का सामना करना पड़ा। पति ने दावा किया था कि उसकी पूर्व पत्नी ने उनके पिता और भाई के खिलाफ छेड़छाड़ करने तक का आरोप लगाया।

बाद में उन्हें आरोपों से बरी कर दिया गया लेकिन उस व्यक्ति ने कहा कि इस पूरे मामले से उसके परिवार के सदस्यों को परेशानी हुई और समाज में उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ।

## जम्मू के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश और भूस्खलन से तीन की मौत, दो लापता

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के रामबन और बनिहाल के बीच भारी बारिश और भूस्खलन की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई और उफनते नालों में दो अन्य लोग बह गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मोहम्मद शफी (65) और मुमीरा बानो (17) सोमवार को रियासी में देवल और डुंगा नाले को पार करते समय दुर्घटनावश उनमें गिर गए। उन्होंने बताया कि शफी का शव बरामद कर लिया गया है और बानो के शव की तलाश की जा रही है। बानो रियासी के माहौर में एक विवाह समारोह में शामिल होने आई थी।

इस बीच, एक अन्य व्यक्ति, के.के. शर्मा, जम्मू के गढ़ीगढ़ में एक नाला पार करते समय डूब गए। अधिकारियों ने बताया कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल और स्थानीय स्वयंसेवक उनके शव की तलाश कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि डोडा जिले में मल्लन-डेसा निवासी फिरदौस अहमद (13) का शव मंगलवार सुबह कुंड नाले से मिला। उन्होंने बताया कि वह नाला पार कर रहा था तभी तेज धार में बह गया। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में, रामबन जिले के करूल इलाके में एक पहाड़ी से लुढ़कते पत्थर की चपेट में आने के बाद करूल निवासी याकूद मीर (13) नदी में गिर गया। मीर का शव बरामद कर लिया गया है।

## देश की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में सात प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद: एनसीएईआर

**नई दिल्ली/भाषा।** आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर ने कहा है कि बेहतर वैश्विक परिदृश्य और सामान्य से अच्छे मानसून की संभावना के चलते चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत से अधिक बढ़ सकती है।

‘नेशनल काउंसिल फॉर एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च’ (एनसीएईआर) (एनसीएईआर) ने मासिक आर्थिक समीक्षा (एमईआर) के अप्रैल 2024 अंक में कहा कि जीएसटी संग्रह, पीएमआई, बिजली खपत, मालु ढलाई जैसे उच्च आवृत्ति वाले संकेतक घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहे हैं।

इसमें विनिर्माण के लिए क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) 16 साल के उच्च स्तर पर है और डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई के जरिए लेनदेन भी उच्चतम स्तर पर है।

एनसीएईआर की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा, वैश्विक वृद्धि और व्यापार की मात्रा, दोनों में अनुमानित तेजी के साथ ही सामान्य से अच्छे मानसून के पूर्वानुमान से यह संकेत मिलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष के सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल कर सकती है।

एनसीएईआर के अनुसार, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मार्च में 1.8 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो 2017 में इसके लागू होने के बाद से दूसरा सबसे अच्छा संग्रह है।

यूपीआई ने मार्च 2024 में 13.4 अरब लेनदेन (मात्रा में) दर्ज किए, जो इसके लागू होने के बाद से सबसे अधिक है।

गुप्ता ने कहा, इन उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ ही आईएमएफ और डब्ल्यूटीओ के अनुसार बेहतर वैश्विक परिदृश्य के चलते चालू वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत हैं।

# उच्चतम न्यायालय ने केजरीवाल की गिरफ्तार के समय को लेकर ईडी से सवाल किया, जवाब मांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आम चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तार के समय को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सवाल किया और जांच एजेंसी से इसका जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से गिरफ्तारी के समय से जुड़े सवाल का जवाब देने के लिए कहा। पीठ ने कहा, जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते। पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल भी पूछे। पीठ ने जांच एजेंसी से केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख पर जवाब देने के लिए कहा जिसमें उन्होंने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है। इस मामले में 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत यहां तिहाड़ जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया और केजरीवाल की याचिका पर उससे जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने नौ अप्रैल को केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि इसमें कोई अवैधता नहीं थी और बार-बार जारी समन को नजरअंदाज करने और जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास ‘कम विकल्प’ बचा था। यह मामला दिल्ली सरकार की अब निरस्त की जा चुकी आबकारी नीति (2021-22 के लिए ) के निर्माण व कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित है।

# रिलायंस होम फाइनेंस मामले में ऑडिटरों पर 1.6 करोड़ रुपए का जुर्माना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने रिलायंस होम फाइनेंस में पेशेवर और ऑडिट से जुड़ी गड़बड़ियों के लिए एक ऑडिट कंपनी और दो ऑडिटरों पर कुल 1.6 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है।

एनएफआरए ने एक बयान में कहा कि ऑडिट कंपनी धीरज एंड धीरज पर वित्त वर्ष 2018-19 के ऑडिट कार्यों में गड़बड़ी के लिए एक करोड़ रुपए, पीयूष पाटनी पर 50 लाख रुपए और पवन कुमार गुप्ता पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पाटनी और गुप्ता दोनों ही मुंबई स्थित ऑडिट कंपनी धीरज एंड धीरज के भागीदार हैं। इसके अलावा वित्तीय रिपोर्टिंग नियामक ने पाटनी और गुप्ता को क्रमशः पांच साल और तीन साल के लिए ऑडिटर के रूप में नियुक्त होने या वित्तीय विवरण या आंतरिक ऑडिट के संबंध में कोई भी ऑडिट करने से रोक दिया है। यह मामला वर्ष 2018-19 के लिए रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के ऑडिट में गड़बड़ी से संबंधित है। इस काम में पाटनी एंगेजमेंट पार्टनर (ईपी) और गुप्ता एंगेजमेंट क्वालिटी कंट्रोल रिव्यू पार्टनर (ईक्यूसीआर) थे। पहले प्राइस वॉटरहाउस एंड कंपनी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एलएलपी (पीडब्ल्यू) को आरएचएफएल के ऑडिटर के रूप में नियुक्त किया गया था। लेकिन प्राइस वाटरहाउस ने इस काम को पूरा किए बगैर जून, 2019 में खुद को ऑडिट से अलग कर लिया था। इसके अलावा पीडब्ल्यू ने 31 मार्च, 2019 तक लगभग 7,900 करोड़ रुपए के ऋण से संबंधित धोखाधड़ी का संदेह भी जताया था। इसके बाद, धीरज एंड धीरज फर्म को आरएचएफएल के निदेशक मंडल द्वारा कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था।

## राजग ने आंध्र प्रदेश विधानसभा के लिए घोषणापत्र जारी किया, महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन का वादा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने मंगलवार को राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए अपना संयुक्त घोषणापत्र जारी किया, जिसमें पात्र महिलाओं को 1500 रुपए मासिक पेंशन देने का वादा किया गया है। राजग गठबंधन में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा), जनसेना और भाजपा शामिल हैं।

गठबंधन ने बेरोजगार युवाओं को 3,000 रुपए मासिक वित्तीय सहायता देने का भी वादा किया है। घोषणापत्र जारी करते हुए जनसेना प्रमुख पवन कल्याण ने कहा कि राजग का घोषणापत्र तेदेपा के ‘‘सुपर सिक्स’’ और उनकी पार्टी के वादों का एक मिश्रण है।

तेदेपा ने पहले ‘‘सुपर सिक्स’’ की घोषणा की थी, जिसमें महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा, हर घर के लिए प्रति वर्ष तीन मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर और स्कूल जाने वाले प्रत्येक बच्चे को प्रति वर्ष 15,000 रुपए देने का वादा किया गया था। राजग सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे के समझौते के तहत, तेदेपा 144 विधानसभा और 17 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों पर लड़ेगी, भाजपा छह लोकसभा और 10 विधानसभा सीटों पर जबकि जनसेना दो लोकसभा और 21 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को मतदान होगा।

# अगर भाजपा सत्ता में लौटी तो ‘संविधान को फाड़ कर फेंक देगी’ : राहुल गांधी का दावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**भिंड (मप्र)/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र की सत्ता में लौटती है तो वह गरीबों, दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को अधिकार देने वाले ‘‘संविधान को फाड़ कर फेंक देगी।

राहुल गांधी मध्य प्रदेश के भिंड जिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संविधान की एक प्रति हाथ में लेते हुए कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया, गरीबों, दलितों, आदिवासियों, ओबीसी को संविधान के कारण कई अधिकार मिले हैं, जिसने लोगों को मनरेगा, भूमि अधिकार, आरक्षण और अन्य चीजें भी दीं। अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो वह इस संविधान को फाड़कर फेंक देगी।

वायनाड से सांसद गांधी ने दावा किया, प्रधानमंत्री, अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री) और उनके सांसदों ने मन बना लिया है कि अगर वे चुने गए, तो वे संविधान को फाड़ कर फेंक देंगे। भाजपा चाहती है कि इस किताब (संविधान) को फेंक दिया जाए...। उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने पूछा कि यदि सत्तारूढ़ सरकार आरक्षण के खिलाफ नहीं है, तो वह सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) रेलवे और अन्य क्षेत्रों का निजीकरण क्यों कर रही है। गांधी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अपनी महालक्ष्मी योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं को लखपति बनाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सरकार महिलाओं को लखपति बनाने के लिए उनके खातों में एक लाख रुपए हर साल (8,500 रुपए प्रति माह) सीधे भेजेगी। गांधी ने कहा, अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22-25 उद्योगपतियों को अरबपति बना सकते हैं, तो कांग्रेस करोड़ों महिलाओं को लखपति बना देगी। कांग्रेस ने भिंड लोकसभा (सुरक्षित) सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद संध्या राय के खिलाफ विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है।

## छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सली ढेर

**नारायणपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य के गृह विभाग का कामकाज संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से आग्रह किया है कि वे समर्पण करें एवं सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है। अधिकारियों ने बताया कि जिलों के टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि सोमवार रात को नारायणपुर और कांकेर जिलों के सीमावर्ती अबूझमाड़ क्षेत्र में ‘डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड’ (डीआरजी) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ़) के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान आज सुबह लगभग छह बजे जब सुरक्षाबल के जवान टेकमेटा और काकूर गांवों के मध्य जंगल में थे तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसपर सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की।

## नासिक में ट्रक और बस की टक्कर में चार यात्रियों की मौत, 34 घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में मंगलवार को एक सरकारी बस और ट्रक के बीच हुई भिड़ंत में एक किशोर व एक महिला सहित चार यात्रियों की मौत हो गई जबकि 34 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि घायलों में नौ लोगों की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि यह घटना सुबह करीब 9.45 बजे मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जिले के चंदवाड शहर के अहेर वस्ती के पास हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बस पड़ोसी जलगांव जिले के भुसावल से नासिक शहर की ओर जा रही थी, तभी ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश में यह हादसा हुआ।

उन्होंने बताया कि बस में करीब 45 यात्री सवार थे, जिसमें से चार लोगों की मौत हो गई जबकि 34 अन्य घायल हो गए। इनमें से नौ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने कहा कि चंदवाड सरकारी अस्पताल और अन्य निजी अस्पतालों में घायलों का इलाज कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चार मृतकों में से दो पुरुष हैं, जबकि एक 14 वर्षीय लड़का और एक महिला है।

प्रदर्शन






मंगलवार को बेंगलूरु के मल्लेश्वरम् स्थित भाजपा के प्रदेशमुख्यालय के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रज्वल रेवन्ना की गिरफ्तारी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

# जदएस ने कथित 'सेक्स स्कैंडल' के मामले में सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को पार्टी से निलंबित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल सेक्युलर (जदएस) ने कथित 'सेक्स स्कैंडल' में संलिप्तता के लिए हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को मंगलवार को पार्टी से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। हुब्बल्ली में पार्टी की कोर समिति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा से रेवन्ना के निलंबन की सिफारिश की थी, जिसके चंद मिनटों बाद ही हासन के सांसद को निलंबित कर दिया गया। देवेगौड़ा, रेवन्ना के दादा हैं।

निलंबन आदेश में कहा गया है, ''हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के वीडियो सोशल मीडिया और मीडिया में व्यापक रूप से प्रसारित हो रहे हैं, जिसके चलते पार्टी और आलाकमान को भारी शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है।''



मामले की जांच के लिए कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा विशेष जांच दल गठित किये जाने का जिक्र करते हुए आदेश में कहा गया है, ''मामले को देखते हुए और अनुशासन के उल्लंघन एवं दंड के लिए जदएस के संविधान एवं नियमों के अनुसार, प्रज्ज्वल रेवन्ना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।'' पार्टी महासचिव के आर शिवकुमार द्वारा हस्ताक्षरित निलंबन आदेश जदएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मंजूरी के बाद मीडिया में जारी किया गया।

हासन से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-जदएस गठबंधन के उम्मीदवार प्रज्ज्वल (33) एच.डी. देवेगौड़ा के बड़े बेटे एच.डी. रेवन्ना के बेटे हैं, जो विधायक और पूर्व मंत्री हैं। प्रज्ज्वल के चाचा एच.डी. कुमारस्वामी जदएस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष हैं। हासन में दूसरे चरण के तहत शुक्रवार, 26 अप्रैल को मतदान हुआ है। कोर कमेटी की बैठक के बाद हुब्बल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए समिति के प्रमुख और विधायक जी.टी. देवेगौड़ा ने कहा, ''प्रज्ज्वल रेवन्ना पर लगे आरोपों के संबंध में कर्नाटक सरकार ने एसआईटी गठित की है और उन्होंने जांच शुरू कर दी है, जिसका हम स्वागत करते हैं। चूंकि जांच जारी है और रिपोर्ट आना अभी बाकी है इसलिए हमने प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करने व जांच में पूरा सहयोग देने का फैसला किया है।''

उन्होंने पूर्व में कहा था, ''हमने उन्हें (प्रज्ज्वल को) पार्टी से निलंबित करने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव तैयार किया है और इस संबंध में अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष एच.डी. देवेगौड़ा से सिफारिश भी की है। चूंकि वह (प्रज्ज्वल) लोकसभा सदस्य हैं इसलिए राष्ट्रीय अध्यक्ष को ही कार्रवाई करनी होगी। हमने उनसे तुरंत कार्रवाई करने को कहा है।'' कोर कमेटी की बैठक में जदएस की राज्य इकाई के अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी और अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया था।

कुमारस्वामी ने कहा कि प्रज्ज्वल को निलंबित करने का निर्णय लिया गया है और निलंबन की अवधि एसआईटी जांच रिपोर्ट व उस पर सरकार की कार्रवाई पर आधारित है। उन्होंने कहा, ''हम एसआईटी जांच का स्वागत करते हैं। निलंबन तब तक है जब तक एसआईटी प्रज्ज्वल की भूमिका पर रिपोर्ट नहीं दे देती। अगर रिपोर्ट में साफ हो जाता है कि वह दोषी है तो उसे स्थायी रूप से निलंबित कर दिया जाएगा।''

## 8 साल की बच्ची से बलात्कार के आरोप में मकान मालिक गिरफ्तार

बेंगलूरु । कर्नाटक पुलिस ने मंगलवार को बेंगलूरु के मदनायकनहल्ली पुलिस स्टेशन क्षेत्र में 8 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार करने के आरोप में घर के मालिक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने नाबालिग का उस वक्त बलात्कार किया, जब वह अपने किराए के घर में अकेली थी। उसके माता-पिता काम पर गए थे। पीड़िता का परिवार एक महीने पहले ही इस मकान में रहने आया था।

पीड़िता को नेलमंगला निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधान के तहत केस दर्ज किया है।



कर्नाटक सेक्स स्कैंडल मामला

## हुब्बल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, एहतियातन हिरासत में लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले कथित सेक्स स्कैंडल' को लेकर यहां कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बाद मंगलवार को सतारूढ़ पार्टी के 11 कार्यकर्ताओं को एहतियातन हिरासत में लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डेनिसन्स होटल के सामने प्रदर्शन किया जहां जद (एस) पार्टी की कोर-कमेटी की बैठक हो रही थी।

पुलिस ने बताया कि वहां मौजूद जद (एस) कार्यकर्ताओं ने वीडियो को कथित तौर पर लीक करने और महिलाओं की इज्ज़त उछलाने के लिए कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

होटल के बाहर स्थिति तनावपूर्ण हो गई और पुलिस को इसे नियंत्रण में लाने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''हमने तत्काल कदम उठाते हुए प्रदर्शनकारियों को एहतियातन गिरफ्तार कर लिया और उन्हें वहां से हटा दिया। कांग्रेस के करीब 11 कार्यकर्ताओं को एहतियातन हिरासत में लिया गया है और स्थिति को नियंत्रण में आ गयी है।''

# वीडियो लीक मामला : प्रज्ज्वल रेवन्ना के पूर्व चालक और भाजपा नेता ने एक-दूसरे पर आरोप लगाये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक की हासन सीट से जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के कथित आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के मामले में उनके पूर्व कार चालक और भाजपा नेता जी. देवराजे गौड़ा ने एक-दूसरे पर आरोप लगाये हैं। वीडियो वायरल होने से क्षेत्रीय दल का भारी शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है। प्रज्ज्वल पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते और पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी के भतीजे हैं। जनता दल सेक्युलर (जदएस) ने कथित 'सेक्स स्कैंडल' में संलिप्तता के लिए प्रज्ज्वल रेवन्ना को आज पार्टी से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

कर्नाटक सरकार ने प्रज्ज्वल द्वारा कई महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न की जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी.के. सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। प्रज्ज्वल कथित तौर पर जर्मनी चले गए हैं। पुलिस ने हाल में प्रज्ज्वल रेवन्ना और उनके पिता व पूर्व मंत्री एच.डी. रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया था। यह मामला उनके घर में काम करने वाली एक महिला की शिकायत पर आधारित है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में चालक कार्तिक ने कहा कि वह पिछले 15 सालों से प्रज्ज्वल रेवन्ना के साथ काम कर रहे थे लेकिन करीब एक साल से उन्होंने काम छोड़ दिया है।

उन्होंने कहा, ''प्रज्ज्वल से दूरी बनाने का कारण यह था कि मेरी जमीन छीन ली गई और मेरी पत्नी को पीटा गया। मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। जमीन वापस लेने की लड़ाई लड़ने के लिए मैंने नौकरी छोड़ी।''

कार्तिक ने कहा कि उन्होंने न्याय के लिए जी. देवराजे गौड़ा से संपर्क किया था क्योंकि वे देवेगौड़ा परिवार के खिलाफ लड़ रहे थे। देवराजे गौड़ा ने 2023 का विधानसभा चुनाव होलेनारासिपुरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर लड़ा था और रेवन्ना से हार गए थे। कार्तिक ने कहा, ''प्रज्ज्वल रेवन्ना मेरे द्वारा कोई भी अश्लील तस्वीरें या वीडियो जारी करने से रोकने के लिए (अदालत से) स्थगन आदेश लेकर आए थे।'' उन्होंने कहा, देवराजे गौड़ा ने मुझसे तस्वीरें और वीडियो सौंपने के लिए कहा, ''जिसे उन्होंने न्यायाधीश के समक्ष पेश करने का वादा किया था ताकि रोक हटवाने में मदद मिल सके। देवराजे पर भरोसा करते हुए, मैंने उन्हें (वीडियो क्लिप की) एक प्रति दी, जिसका उन्होंने उपयोग किया।''

प्रज्ज्वल के पूर्व चालक ने आरोप लगाया, देवराजे गौड़ा के अलावा, मैंने यह वीडियो कांग्रेस नेताओं या किसी और को नहीं दिया। मैंने कांग्रेस नेताओं को वीडियो और तस्वीरें नहीं दीं क्योंकि वे प्रज्ज्वल के काफी करीबी थे इसलिए मैंने देवराजे गौड़ा से संपर्क किया, ''लेकिन उन्होंने भी मुझे धोखा दिया।'' कार्तिक ने कहा कि चूंकि भाजपा और जद (एस) ने गठबंधन किया है इसलिए देवराजे गौड़ा ने अपनी पार्टी आलाकमान को प्रज्ज्वल के आचरण की ओर इशारा करते हुए उन्हें टिकट नहीं देने के लिए लिखा था। आरोपों को खारिज करते हुए देवराजे गौड़ा ने बेंगलूरु में संवाददाताओं से कहा कि कार्तिक हासन निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार श्रेयस पटेल के संपर्क में थे। उन्होंने कहा कि न तो जद (एस) और न ही भाजपा वीडियो जारी करेगी क्योंकि यह राजग गठबंधन के उम्मीदवार के खिलाफ जाएगा। देवराजे गौड़ा ने कहा, ''अगर इससे किसी को फायदा हो रहा था तो वह कांग्रेस थी। केवल अपने राजनीतिक लाभ के लिए, कांग्रेस उम्मीदवार (श्रेयस पटेल) ने वीडियो में दिखाई दे रही महिलाओं की गरिमा के साथ खिलवाड़ किया।'' उन्होंने कहा कि वह एसआईटी द्वारा उन्हें नोटिस दिए जाने का इंतजार कर रहे हैं, जहां वह महत्वपूर्ण दस्तावेज जारी करेंगे।

## महिला आयोग ने सांसद रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर पुलिस से रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली/बेंगलूरु। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने लोकसभा सदस्य प्रज्ज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले यौन उत्पीड़न के आरोपों पर कर्नाटक पुलिस से तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने मामले से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद कर्नाटक पुलिस महानिदेशक को एक पत्र लिखा। वीडियो में रेवन्ना को कई महिलाओं के खिलाफ यौन शोषण के कृत्यों में कथित तौर पर शामिल दिखाया गया है। आयोग ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तुरंत और निर्णायक कदम उठाने का आग्रह किया है। बताया जा रहा है कि रेवन्ना देश से भाग गये हैं। आयोग ने महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने व उनके खिलाफ अनादर तथा हिंसा को बढ़ावा देने वाली संस्कृति को रोकने के महत्व पर भी जोर दिया। पत्र के मुताबिक, ''आयोग इस घटना की कड़ी निंदा करता है और इस मामले से बेहद परेशान है।'

कर्नाटक लिंगायत मठ सेक्स स्कैंडल

## संत ने अदालत के सामने किया समर्पण, फिर जेल भेजे गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चित्रदुर्गा। प्रमुख लिंगायत संत शिवमूर्ति मुरुगा शरणारु ने सोमवार को कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एक सत्र अदालत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

उन्हें फिर जेल भेज दिया गया है। उन पर नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण का आरोप है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उनकी जमानत रद्द कर दी थी और उन्हें न्यायिक हिरासत में ले जाने के लिए अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। आत्मसमर्पण के बाद अधिकारियों ने साधु को हिरासत में ले लिया और मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जिला जेल भेज दिया।

संत के वकील प्रताप जोगी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर रही अदालत को चार महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश दिया। संत को कुछ महीनों के लिए जेल में रहना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने 23 अप्रैल को संत को जमानत देने के कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी और तर्क दिया था कि जब आरोपी संत न्यायिक हिरासत में हैं, तब गवाहों से पूछताछ करना उचित होगा। इसमें यह भी कहा गया है कि जब तक पीड़िताओं और उनके माता-पिता से पूछताछ पूरी नहीं हो जाती, तब तक संत को जेल में रहना होगा।

अदालत का आदेश तब आया, जब पीड़िताओं के वकील ने तर्क दिया कि संत अत्यधिक प्रभावशाली हैं और आरोपपत्र दखिल होने के बावजूद वह मुकदमे के दौरान गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

मारुगा मठ-संचालित संस्था में पढ़ने वाली दो नाबालिग लड़कियों ने 26 अगस्त, 2022 को नजराबाद पुलिस में संत द्वारा यौन शोषण की शिकायत की थी और उन्हें 1 सितंबर, 2022 को गिरफ्तार कर लिया गया था।




# कांग्रेस के विभाजनकारी मंसूबे हैं : नड्डा

शिवमोग्गा। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण का समर्थन कर रही है जबकि संविधान के अनुसार ऐसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कांग्रेस पर ''धूर्त और विभाजनकारी मंसूबे'' रखने का आरोप लगाया। वह शिवमोग्गा लोकसभा सीट से उम्मीदवार राघवेंद्र येडीयुरप्पा के लिए भाजपा के प्रचार अभियान के तहत यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

नड्डा ने कहा, ''संविधान में यह बहुत स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि धार्मिक आरक्षण के लिए कोई जगह नहीं है, लेकिन उन्होंने (कांग्रेस) क्या किया - (कर्नाटक में) ओबीसी कोटा से मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दिया।'' उन्होंने दावा किया कि अविभाजित आंध्र प्रदेश में कांग्रेस चार बार कानून लेकर आई, जिसके जरिये उसने एससी/एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुस्लिम समुदाय को देने की कोशिश की।

भाजपा अध्यक्ष ने पूछा, ''हम मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हमें यह समझना होगा कि संविधान स्पष्ट रूप से कहता है कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं होगा... लेकिन ये लोग (कांग्रेस) धूर्त और विभाजनकारी मंसूबे रखते हैं।'' विपक्षी दलों पर विभाजनकारी 'राजनीति' में शामिल होने का आरोप लगाते हुए नड्डा ने कहा, ''कुछ दिन पहले एक वीडियो आया था और वे यह धारणा और माहौल बनाने की कोशिश कर रहे थे कि भाजपा एससी/एसटी और ओबीसी के खिलाफ है और अगर हम (भाजपा) सत्ता में आते हैं तो इन समुदायों के लिए आरक्षण खत्म हो जाएगा।''

उन्होंने कहा, ''वे एक फर्जी वीडियो लेकर आए...लोगों और मीडिया ने इंडी' गठबंधन के डीप फेक वीडियो का पर्दाफाश किया। इसका दुखद हिस्सा यह है कि फर्जी वीडियो तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के फोन से सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया था, और 'इंडी' गठबंधन के सभी सहयोगियों ने इसे वायरल करने की कोशिश की।''

### हावेरी में नड्डा ने रोड शो किया

हावेरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को हावेरी लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार बसवराज बोम्मई के समर्थन में यहां बयादागी में एक रोडशो किया। विशेष रूप से डिजाइन किए गए वाहन पर खड़े होकर भाजपा नेता ने सड़क के दोनों ओर व इमारतों पर एकत्र लोगों का अभिवादन किया और हाथ हिलाया। इस दौरान कई लोगों को 'मोदी, मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाते देखा गया।

जब उनका काफिला यहां गुटेम्मा मंदिर से सुभाष सर्कल की तरफ बढ़ा तो लोगों ने पुष्प वर्षा की। नड्डा के साथ पूर्व मुख्यमंत्री बोम्मई, कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर अशोक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

कुमारस्वामी बोले-

## यह प्रज्ज्वल रेवन्ना का व्यक्तिगत मामला

बेंगलूरु। जद (एस) सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के 'अश्लील वीडियो' मामले पर कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) नेता एचडी कुमारस्वामी ने कहा, यह हमारे परिवार की छवि को नष्ट करने के लिए कांग्रेस की चाल है। देवेगौड़ाजी या मेरी क्या भूमिका है? हम उन सभी चीजों के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। यह प्रज्ज्वल रेवन्ना का व्यक्तिगत मामला है। मैं उनके संपर्क में नहीं हूं। उसे कानून के सामने लाना सरकार की जिम्मेदारी है। नैतिक रूप से हमने कुछ निर्णय लेने का फैसला किया है।

हासन सीट से सांसद और चुनावों में बीजेपी की सहयोगी जेडीएस के मौजूदा उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना देशभर में चर्चा में है। प्रज्ज्वल रैवन्ना पर यौन उत्पीड़न, सैकड़ों सैक्स वीडियो रिकॉर्ड करने, धमकाने और साजिश रचने के आरोप हैं। कई वीडियो वायरल होने के बाद प्रज्ज्वल रवन्ना के जर्मनी चले जाने की खबरें सामने आई हैं।आरोपी प्रज्ज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पौत्र हैं। प्रज्ज्वल के पिता कर्नाटक में विधायक हैं और चाचा पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारास्वामी हैं।

# रेवन्ना मामला : भाजपा ने कर्नाटक सरकार के विलंब से कार्रवाई करने पर कांग्रेस पर पलटवार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को निलंबित करने के जनता दल (सेक्युलर) के फैसले का मंगलवार को स्वागत किया और कहा कि वह इस मामले के आरोपी के खिलाफ कानून की पूरी ताकत झोंकने का प्रयास करेगी। पार्टी ने इसके साथ ही कर्नाटक सरकार द्वारा देरी से की गई कार्रवाई के लिए कांग्रेस पर पलटवार भी किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य शीर्ष भाजपा नेताओं ने कर्नाटक में कांग्रेस सरकार से सवाल किया कि जब कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है तो उसने प्रज्ज्वल के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की।

कांग्रेस द्वारा कर्नाटक में जद (एस) के नेता के खिलाफ आरोपों को लेकर भाजपा पर निशाना साधने के एक दिन बाद शाह ने पलटवार करते हुए कहा, ''उस राज्य में किसकी सरकार है।'' गुवाहाटी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि मीडिया में रेवन्ना के बारे में जो खबरें आई हैं वह बहुत आहत करने वाली हैं और इसे किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, भाजपा का रुख बिल्कुल स्पष्ट है। हम मातृ और नारी शक्ति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस आरोप लगा रही है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के एक सहयोगी का उम्मीदवार इस घटना में शामिल है लेकिन मैं एक छोटा सा सवाल पूछना चाहता हूं कि उस राज्य (कर्नाटक) में किसकी सरकार है? उन्होंने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस सत्ता में है और यह मामला उनके ध्यान में जरूर आया होगा। उसने अब तक इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? हम कोई कार्रवाई नहीं कर सकते क्योंकि कानून-व्यवस्था राज्य का मुद्दा है। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कांग्रेस पर दोहरा और चुनिंदा रवैये का आरोप लगाते हुए संवाददाताओं से कहा कि भाजपा महिलाओं के खिलाफ अपराधों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अगर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को हफ्तों और महीनों तक इस मामले की जानकारी थी तो उसने आरोपियों के खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की। जद (एस) ने मंगलवार को हासन से अपने सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को कथित सेक्स स्कैंडल को लेकर निलंबित कर दिया। चंद्रशेखर ने निलंबन पर कहा, ''हम खुश हैं ... कानून अपना काम करेगा।'' चंद्रशेखर ने संदेशखालि मामले और कर्नाटक में एक कांग्रेस नेता की बेटी नेहा हिरेमथ की हत्या का हवाला दिया और आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी अपनी सहूलियत के हिसाब से महिलाओं के खिलाफ अपराध के मुद्दों को उठाती है।भाजपा की ओर से चुप्पी साधे रखने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वीडियो की मौजूदगी अपने आप में कोई अपराध नहीं है।



# शिक्षा समाज को सबसे बड़ा दान : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा को समाज के लिए सबसे बड़ा दान बताते हुए मंगलवार को कहा कि यह बदलाव का सबसे प्रभावी साधन है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अभिभावकों को बच्चों पर अपनी इच्छाएं थोपना नहीं चाहिए बल्कि उन्हें नदी की तरह अपना रास्ता खुद बनाने देना चाहिए।

धनखड़ यहां एक निजी विद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। आधिकारिक बयान के अनुसार धनखड़ ने कहा है कि शिक्षा का दान समाज के लिए सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा,सबसे बड़ा धन क्या है? सबसे बड़ा धन ज्ञान है। और सबसे बड़ा दान क्या है? शिक्षा है। धनखड़ ने कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है क्योंकि हर क्षेत्र में वही लोग नेतृत्व कर रहे हैं जिन्होंने शिक्षा में भी अपना स्थान बनाया।

इस संदर्भ में उन्होंने अपने जीवन में अपने सैनिक स्कूल, चित्तौड़गढ़ के संस्कारों और अनुभवों के महत्व को याद करते हुए कहा , मेरा असली जन्म तो सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में ही हुआ। बच्चों को अपना भविष्य खुद तय करने की छूट देने का पक्ष लेते हुए धनखड़ ने कहा,लंबे समय से मैं एक बात कहता आ रहा हूं...बालक का जन्म होते ही लोग तय कर देते हैं – कि यह डॉक्टर बनेगा, यह इंजीनियर बनेगा। किसी ने ध्यान नहीं दिया कि बालक क्या चाहता है? उन्हें नदी की तरह अपना रास्ता स्वयं बनाने दें। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हर बच्चे को उसकी रुचि के अनुरूप अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे संविधान में हमारी पांच हजार साल पुरानी संस्कृति में शिक्षा के महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस संदर्भ में उन्होंने संविधान की मूल प्रति, जिस पर संविधान सभा के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे, पर अंकित चित्रों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि संविधान की मूल प्रति के भाग दो के पृष्ठ पर गुरुकुल का चित्र बना है तो भाग चार वाले पृष्ठ पर कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण द्वारा गीता उपदेश का प्रसंग अंकित है। उन्होंने कहा कि ये चित्र, संविधान सभा द्वारा शिक्षा को दिए गए महत्व को दर्शाते हैं।

# जेकेजे और जोशी समूह पर आयकर विभाग की छापेमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। आयकर विभाग की अन्वेषण शाखा ने मंगलवार सुबह ज्वैलरी और हवाला कारोबार से जुड़े समूहों पर बड़े पैमाने पर छापेमारी की कार्रवाई शुरू की है। आयकर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जेकेजे और जोशी समूह के साथ ही उनके सहयोगियों पर ये कार्रवाई शुरू हुई है। जयपुर, दिल्ली और कोलकाता में 20 ठिकानों पर अल सुबह से आयकर छापेमारी की जा रही है। आज सुबह करीब 7 बजे से ये कार्रवाई शुरू हुई थी। जो फिलहाल लगातार जारी है। आयकर विभाग की छापेमारी, जयपुर में 13, दिल्ली में 3 और कोलकाता में 4 ठिकानों पर हो रही है।

ज्वैलरी और हवाला कारोबार से जुड़े कारोबारी आयकर विभाग के निशाने पर हैं। इसी की कड़ी में यह कार्रवाई की गई है। शुरुआत में ही आयकर अधिकारियों को इस कार्रवाई में बड़ी सफलता मिलने की जानकारी मिली है। बड़ी संख्या में निजी लॉकर्स का पता लगा है। लॉकर्स में नकदी, ज्वैलरी और निवेश दस्तावेज का पता चला है वहीं वॉटसएप चैट में हवाला लेनदेन का विवरण भी मिला है। जयपुर में श्याम नगर स्थित आवास, एमआई रोड, टोंक रोड, मानसरोवर, मालवीय नगर, वैशाली नगर, सी-स्कीम आदि ठिकानों पर कार्रवाई की गई है। दोनों समूहों के कुछ कर्मचारी भी आयकर विभाग के निशाने पर है। सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई में आयकर विभाग को बड़े पैमाने पर काली कमाई का पता चल सकता है।



## संगीता मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय आयोजन में हुई सम्मानित

जयपुर। मारवाड़ी युवा मंच जयपुर मूमल की पूर्व अध्यक्ष संगीता गुप्ता को अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय स्तर के आयोजन मारूडी ऊर्जा-2 में तीसरा स्थान पाने पर सम्मानित किया गया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती गुप्ता ने गुजरात के सूरत में रविवार को आयोजित मारुड़ी ऊर्जा-2 में महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित नेशनल लेवल पब्लिक स्पीकिंग कंम्पीटिशन में तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने इस दौरान महिला सशक्तिकरण पर अपने प्रभावी उद्बोधन से महिलाओं को प्रभावित किया।

इसी कार्यक्रम में जयपुर मूमल शाखा की संस्थापक किरण गुप्ता ने सूरत में आयोजित मारूडी कल्चरल वाक प्रजेंटेशन में महिला ज्वैलर की भूमिका निभाते हुए पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लखोटिया, राष्ट्रीय संयोजक नारी चेतना रीना केडिया एवं राष्ट्रीय संयोजक युवा विकास अंकित नाटाणी ने श्रीमती संगीता गुप्ता को स्मृति चिह्न एवं उपहार देकर सम्मानित किया।

# आत्महत्या के मामले में एक व्यक्ति या संस्था को ही दोषी नहीं ठहरा सकते : दिलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को कहा कि कोचिंग करने वाले छात्रों की आत्महत्या के लिए केवल संस्थानों को दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए क्योंकि उनके माता-पिता और मित्र मंडली भी आत्महत्या के मामलों में योगदान करते हैं। उन्होंने कहा, कोचिंग संस्थानों की ओर से कुछ प्रतिशत दबाव हो सकता हैलेकिन इसमें से अधिकांश दबाव माता-पिता और उसके मित्र मंडली का भी होता है।

उन्होंने कहा, हर मामले में कोचिंग संस्थान ही दोषी हो, ऐसा नहीं है। कुछ प्रतिशत मामलों में ऐसा हो सकता है। आत्महत्या के पीछे अन्य कारण भी हो सकते हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा, छात्रों के आत्महत्या के मामले में मां-बाप भी दोषी हैं। छात्र की संगत भी दोषी है। कई बार गलत संगत में पड़ जाते हैं। प्रेस प्रसंग में विफल होना भी एक कारण हो सकता है।

दिलावर ने कहा, माता-पिता अपने बच्चों से उनकी क्षमता से अधिक उपलब्धि हासिल करने की उम्मीद करते हैं।ऐसे में केवल कोचिंग संस्थानों को ही दोष नहीं दिया जाना चाहिए। हाल के दिनों में कोचिंग करने वाले छात्रों के आत्महत्या के कई मामले सामने आए।

देशभर से लाखों छात्र कोटा के कोचिंग संस्थानों में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। उन्होंने कहा, मां-बाप अपने बेटे से हमेशा ये अपेक्षा करते हैं कि उसकी जो क्षमता है पढ़ने या सीखने की वह उसे ज्यादा लक्ष्य हासिल करे लेकिन वह क्षमता से ज्यादा नहीं कर पाता है। जब भी परीक्षा होती है, हर बार पूछते हैं कोन सी रैंक रहीं। पूरी कोशिश करने के बाद भी अगर शीर्ष रैंक में नहीं आता है तो वह आखिर में लिखकर के आत्महत्या लेता है।

## कोटा में महिला से पड़ोसी ने दुष्कर्म किया

कोटा। राजस्थान के कोटा में 23 वर्षीय एक महिला से उसके ही पड़ोसी ने कथित रूप से दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार और सोमवार की दरमियानी रात उस समय की है, जब पीड़िता का पति घर पर नहीं था। थानाध्यक्ष बन्नालाल ने बताया कि पति के घर लौटने के बाद पीड़िता ने आपबीती सुनाई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी।

उन्होंने बताया कि पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी हेमंत गोस्वामी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और इस बारे में किसी को भी बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि शिकायत के आधार पर गोस्वामी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (दुष्कर्म), 458 और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।




अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस

# देश-विदेश के 160 प्रतिभागी कलाकारों से सजी लेकसिटी की शाम, नृत्य की सभी विधाओं में हुई प्रस्तुतियां

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर एम स्क्वायर प्रोडक्शन एंड इवेंट्स, कत्थक आश्रम, केयर हेल्थ इंश्योरेंस, अर्बन स्क्वायर मॉल और एज्यु ग्रोथ के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय लेवल के उदयपुर डांस फेस्टिवल का रंगारंग आगाज रविवार को अर्बन स्क्वायर मॉल में हुआ। देश - विदेश से फेस्टिवल में हिस्सा लेने आए करीब 160 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि दर्शक दीर्घा में बैठे शहरवासी भी उनके साथ खूब थिरके। कार्यक्रम में देश-विदेश के कलाकारों ने अलग-अलग डांस प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह कार्यक्रम अर्बन स्क्वायर मॉल में दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ, जिसे देखने कई कलाप्रेमी और आम जनता जुटी। इस फेस्टिवल में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से ऐसी समां बांधी कि दर्शक भी उनके साथ थिरकने लगे।

कत्थक आश्रम की चंद्रकला चौधरी ने बताया कि डांस फेस्टिवल में उदयपुर सहित कोलकाता, दिल्ली, गुजरात, उड़ीसा, भूटान, मलेशिया बांग्लादेश के 160 प्रतिभागियों ने नृत्य की सभी विधाओं में प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। फेस्टिवल में बॉलीवुड, पंजाबी, गुजराती, राजस्थानी सहित सांस्कृतिक नृत्य पर भी खूब प्रस्तुतियां हुई, जिसमें हर वर्ग के प्रतिभागियों ने अपनी कला की प्रस्तुति दी। आयोजन सचिव प्रांजल शर्मा ने बताया कि फेस्टिवल दो पारियों में आयोजित हुआ, जिसमें पहली पारी में नृत्य प्रतियोगिताएं हुई और दूसरी पारी में शाम को डीजे पार्टी आयोजित की गई, जिसमें शहरवासियों ने खूब एंजॉय किया।

## किन्नर के साथ मारपीट और दुष्कर्म करने पर मामला दर्ज

जयपुर। राजस्थान के नीम का थाना जिले के श्रीमाधोपुर थाना क्षेत्र में एक किन्नर के साथ कथित तौर पर मारपीट और दुष्कर्म करने पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि किन्नर ने आरोप लगाया है कि सचिन नाम के व्यक्ति ने उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया और बाद में उसने तथा उसके दोस्त संजय ने मारपीट भी की। उसने बताया कि किन्नर सोमवार को सड़क किनारे घायल अवस्था में मिला था बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# डिलीवरी बॉय की डण्डे से सिर फोड़ कर निर्मम हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। कोटा शहर की विज्ञान नगर थाना पुलिस की टीम ने डिलीवरी बॉय भगवान मीणा की डंडों से पीट कर निर्मम हत्या करने के मामले में गांव डोबड़ा थाना बपावर कला (कोटा ग्रामीण) निवासी दो मुख्य अभियुक्त योगेश मीणा पुत्र हरिनारायण (25) और उसके साथी नवीन उर्फ बिट्टू मीणा पुत्र मनीष (23) को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में शामिल एक अन्य अभियुक्त की पुलिस तलाश कर रही है। एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि 22 अप्रैल को हाडौती अस्पताल के पास झाड़ियोन में गांव डोबड़ा थाना बपावर कला निवासी भगवान मीना घायल अवस्था में मिला था। जिसे एमबीएस हॉस्पिटल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस में जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें भगवान मीना दौड़ता हुआ नजर आया। उसके पीछे दो बाइक पर आये बदमाशों द्वारा डंडे से पीट-पीट कर हत्या करना सामने आया।

सीसीटीवी में दिख रहे बदमाशों की पहचान मृतक भगवान मीना के भाई लक्ष्मीनाथ ने उनके गांव के ही योगेश मीणा, कौशल मीणा व विकास मीणा के रूप में की। जिसकी रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पूछताछ में सामने आया कि वारदात से कुछ समय पहले भगवान मीना आरोपी योगेश मीणा की पत्नी को भगाकर ले गया था। इस बात को लेकर दोनों के बीच रंजिश चली आ रही थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएचओ विज्ञान नगर सतीश चंद्र के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा अभियुक्तों की पहचान के बाद तकनीकी अनुसंधान आधार पर आरोपी योगेश मीणा को रेलवे स्टेशन कोटा से 24 अप्रैल को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त डंडा, मृतक भगवान की बाइक व आरोपी के पहने हुए कपड़े जब्त किए। ईदगाह बस स्टैंड आगरा से आरोपी नवीन उर्फ बिट्टू को डिटेन कर मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। दोनों अभियुक्त पुलिस अभिरक्षा में है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।



# झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत होगी : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**आतंकवाद की घटनाएं रोज होती थी। मंदिरों में बम विस्फोट हो रहे थे। बीते 10 सालों में पीएम मोदी ने देश को न सिर्फ हालात से उबार लिया, बल्कि पूरे विश्व में भारत को महाशक्ति के रूप में स्थापित किया।**

जयपुर /रांची । झारखंड की धनबाद और जमशेदपुर सीट पर भाजपा के प्रत्याशियों ने मंगलवार को नामांकन का पर्चा दाखिल कर दिया। इस दौरान रोड शो और जनसभाओं में पार्टी ने अपनी ताकत दिखाई। धनबाद में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो नामांकन पत्र भरने के लिए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, मौजूदा सांसद पीएन सिंह और धनबाद के विधायक राज सिन्हा के साथ पहुंचे।

इसके बाद स्थानीय गोल्फ ग्राउंड में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि 2014 में पीएम मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार ने समाज के हर तबके को सम्मान दिया। इसी का परिणाम है कि लोग खुद 'अबकी बार, 400 पार' का नारा लगा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत होगी। पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के कार्यकाल की याद दिलाते हुए शर्मा ने कहा कि उन 10 वर्षों में अखबारों में सिर्फ आतंकवाद की घटनाओं और भ्रष्टाचार की खबरें आती थीं। पाकिस्तानी हमारे सैनिकों का सिर काटकर ले जाते थे और देश के प्रधानमंत्री बोलते ही नहीं थे। 2014 के बाद हालात बदले। आज पूरी दुनिया भारत की तरफ देखती है। यह पीएम मोदी का करिश्मा है।

जमशेदपुर में भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर पर्चा भरा। बाद में बोधि मंदिर मैदान में एक जनसभा हुई, जिसे संबोधित करते हुए केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले देश के हालात यह थे कि रोज हो रहे घोटालों से अर्थव्यवस्था खस्ताहाल थी। बैंकों की हालत खराब थी और देश के पास पेट्रोल खरीदने तक का पैसा नहीं था।

उन्होंने आगे कहा कि आतंकवाद की घटनाएं रोज होती थी। मंदिरों में बम विस्फोट हो रहे थे। बीते 10 सालों में पीएम मोदी ने देश को न सिर्फ हालात से उबार लिया, बल्कि पूरे विश्व में भारत को महाशक्ति के रूप में स्थापित किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस मौके पर कहा कि झारखंड की जनता इस बार सभी सीटों पर एनडीए को जीत दिलाने का संकल्प कर चुकी है।

# धौलपुर में खाने का बिल मांगने पर रेस्टोरेंट मालिक को मारी गोली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

धौलपुर। राजस्थान के धौलपुर के सैपऊ थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 123 स्थित एक रेस्टोरेंट पर दो गाड़ियों में भरकर आए 20 के करीब बदमाशों ने रेस्टोरेंट पर तोड़फोड़ एवं फायरिंग कर दहशत फैला दी। दरअसल, रेस्टोरेंट में खाना खाकर पैसे नहीं देने पर संचालक और बदमाशों के बीच विवाद हो गया। गुस्साए आरोपियों ने देसी रिवॉल्वरों से अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में रेस्टोरेंट के मालिक और एक ग्राहक को गोली लगी है। अचानक बदमाशों के द्वारा की गई फायरिंग एवं हमले से रेस्टोरेंट पर भगदड़ मच गई. रेस्टोरेंट का स्टाफ और खाना खा रहे लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव और थाना प्रभारी गंभीर सिंह के द्वारा बदमाशों की धर पकड़ के लिए इलाके की नाकाबंदी कराई गई है। पुलिस द्वारा हाईवे टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज बदमाशों की गाड़ियों के नंबरों की जानकारी जुटाई जा रही है। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। बदमाशों की धर पकड़ के लिए इलाके में नाकाबंदी कराई गई है। रेस्टोरेंट संचालक ने मुकदमा दर्ज करा दिया है।

घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस के साथ थाना प्रभारी गंभीर सिंह और पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने रेस्टोरेंट पर मौजूद कर्मचारियों से पूरी घटना की जानकारी ली है। हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए।

हमलावर बसेड़ी के गांव नगला राय जीत के बताए गए हैं। रेस्टोरेंट संचालक बबलू परमार ने बताया कि नगला रायजीत निवासी युवकों के साथ दो गाड़ियों में करीब 20 लोग रेस्टोरेंट पर रात 10 बजे खाना खाने के लिए आए थे। खाना खाने के बाद बिना पैसे दिए जाने लगे पैसे मांगे तो सभी ने गाड़ी में रखें हॉकी स्टिक और अवैध हथियार लहराते हुए रेस्टोरेंट में जमकर तोड़फोड़ की और जान से मारने की नियत से फायरिंग की। रेस्टोरेंट संचालक ने बताया कि करीब 30 राउंड फायरिंग की गई।



# सड़क जाम कर प्रदर्शन पर उतरीं महिलाएं, बोलीं- हमारा ही पानी चोरी कर हमको ही बेच रहे टैंकर वाले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। पानी की पर्याप्त सप्लाई नहीं होने से नाराज महिलाओं ने मंगलवार को रास्ता रोककर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं राहगीरों से भी कुछ महिलाएं उलझ गईं। ऐसे में अब जोधपुर शहर में ग्रामीण इलाकों में गर्मियों के समय पेयजल किल्लत सामने आने लगी है।

सांगरिया से सालावास जाने वाली मुख्य रोड को महिलाओं ने जाम कर दिया। महिलाओं का कहना है की गांव में पानी की सप्लाई सुचारु नहीं होने से परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। उन्होंने बताया कि कई जगहों पर अवैध कनेक्शन हैं। यहां ग्रामीणों के हिस्से का पानी चोरी कर ग्रामीणों को ही एक हजार से 1500 रुपये प्रति टैंकर बेचा जा रहा है।

महिलाओं ने कहा कि गांव में कई जगह पर अवैध कनेक्शन भी हैं, जिसकी वजह से उनके हिस्से का पानी गांव तक नहीं पहुंच पाता है। ऐसे कनेक्शन पर जलदाय विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों के हक का पानी टैंकरों में भरकर बेचा जा रहा है।

कई बार अवगत करवाने के बावजूद जलदाय विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की नींद नहीं खुल रही है। जबकि गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत होने की वजह से टैंकरों के माध्यम से पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। मीठे पानी के एक टैंकर के 1000 से 1500 रुपये चुकाने पड़ रहे हैं। इसके बावजूद जलदाय विभाग ध्यान नहीं दे रहा हैं।

## मौलवी की हत्या को लेकर अंजुमन ने सौंपा जिला कलेक्टर को ज्ञापन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में अंजुमन तालीमुल इस्लाम ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अजमेर में हुई मौलवी की हत्या के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। शहर के विभिन्न मस्जिदों के इमाम हजरात.धर्म गुरूओं की अगुवाई में दिये ज्ञापन में कहा कि अजमेर के कंचन नगर स्थित मस्जिद के इमाम मौलाना माहिर रजा की अज्ञात हमलावरों ने पिछले दिनों निर्मम हत्या कर दी। इस दुखद घटना की मुस्लिम समाज कड़े शब्दों में निंदा करता है। साथ ही ऐसी घटना सर्व समाज के लिए दुखद है। अंजुमन मीडिया प्रभारी मोहसिन हैदर ने बताया कि ज्ञापन में मांग की गई की घटना के दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाही की जाए। साथ ही मृतक के परिवार वालों को उचित मुआवजा देते हुए उनके परिवार से किसी एक आश्रित को सरकारी नौकरी दिलाने की भी मांग की गई। इस अवसर पर मुफ्ती मुतिउररेहमान अमजदी, मौलाना जुलकरनैन बल्यावी, मौलाना आफताब आलम अशरफी, मौलाना कामिल रजा बरकाती, भूतपूर्व पार्षद राशिद खान व अंजुमन तालीम इस्लाम के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस झूठ फैला रही है कि भाजपा संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी : शाह




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठ फैला रही है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आई तो उसका इरादा संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का है। शाह ने जनता दल (सेक्युलर) सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े 'सेक्स स्कैंडल' को लेकर भी कांग्रेस पर हमला बोला और पूछा कि कर्नाटक की सत्तारूढ़ पार्टी ने आरोपी सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, कांग्रेस इस तरह के झूठ फैला रही है कि भाजपा संविधान बदल देगी और आरक्षण समाप्त कर देगी। हम मतदाताओं को अल्पसंख्यक या बहुसंख्यक के रूप में नहीं देखते। भाजपा असम में 14 लोकसभा सीट में से 12 पर जीत दर्ज करेगी।

शाह ने कहा कि भाजपा अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण की समर्थक है और उनके अधिकारों की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कई सार्वजनिक भाषणों में इस बात को स्पष्ट कर चुके हैं। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने दलित, आदिवासी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित किया है क्योंकि उन्होंने अविभाजित आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को आरक्षण दिया था, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग प्रभावित हुआ था। उन्होंने कहा कि बिना कोई सर्वेक्षण किए कांग्रेस ने कर्नाटक के सभी मुसलमानों को ओबीसी श्रेणी में डाल दिया और अल्पसंख्यकों के लिए चार प्रतिशत कोटा आरक्षित कर दिया। गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण में विश्वास नहीं रखती और पार्टी इन राज्यों में सत्ता में आने पर धर्म-आधारित आरक्षण को समाप्त कर देगी। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि किसी धर्मनिरपेक्ष देश में धर्म के आधार पर कानून होना सही नहीं है और यह संविधान की भावना के विरुद्ध है। रेवन्ना के मामले का हवाला देते हुए शाह ने कहा कि भाजपा किसी भी कीमत पर महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। मीडिया में रेवन्ना को लेकर जो मामला सामने आया है वह बेहद दुखदायी है और इसे किसी भी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। शाह ने कहा कि कांग्रेस आरोप लगा रही है कि इस घटना में राजग सहयोगी के उम्मीदवार शामिल हैं, लेकिन मैं सिर्फ एक छोटा सा सवाल पूछना चाहता हूं कि उस राज्य (कर्नाटक) में किसकी सरकार है?''

उन्होंने पूछा कि कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने इस मामले में कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। शाह ने कहा, हम कोई कार्रवाई नहीं कर सकते क्योंकि कानून-व्यवस्था राज्य का मुद्दा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी हमसे इस मुद्दे पर सवाल कर रहीं हैं, लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूं कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या मुझसे पूछने के बजाय, अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री से पूछना चाहिए।

## चिराग ने कर्नाटक में मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए कांग्रेस पर साधा निशाना



**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने मंगलवार को कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण ''छीनने'' और उसका लाभ ''एक विशेष धार्मिक समुदाय'' को देने का आरोप लगाया।

चिराग पासवान ने एक तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगाए गए आरोप को दोहराया और साथ ही यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष ''इसलिए हम (राजग) पर यह झूठा आरोप लगा रहा है कि हम संविधान को बदलकर आरक्षण खत्म करने का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा, संविधान में, बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर ने स्पष्ट रूप से कहा था कि धर्म आरक्षण देने का आधार नहीं हो सकता। फिर भी कांग्रेस ने कर्नाटक में ऐसा किया जहां वह सत्ता में है। इसने ओबीसी के अधिकार छीन लिए हैं। चिराग पासवान ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस का कदम उसकी तुष्टिकरण की राजनीति के अनुरूप है, जिसकी झलक पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस भाषण में मिलती है जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक एक विशेष धार्मिक समुदाय के लोगों का है।



## सूरत और इंदौर के चुनावी घटनाक्रम भाजपा के प्रति 'जनता का अगाध स्नेह' दर्शाते हैं : सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर/भाषा।** सूरत और इंदौर के चुनावी घटनाक्रमों का हवाला देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कांग्रेस को ''डूबता जहाज'' बताया और कहा कि ये वाकये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रति जनता का अगाध स्नेह दर्शाते हैं। सिंह खंडवा लोकसभा सीट के निवर्तमान सांसद और भाजपा उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में मांधाता में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

सिंह ने कहा, इस बार लोकसभा चुनाव में करिश्मा हो गया। सूरत से भाजपा का प्रत्याशी निर्विरोध जीत गया और इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी ने पर्चा वापस लेकर भाजपा को समर्थन दे दिया। यह भाजपा के प्रति जनता के अगाध स्नेह को दर्शाता है जो लगातार बढ़ता जा रहा है। ...लेकिन कांग्रेस के नेता कहते हैं कि ऐसी घटनाएं लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा हैं। आजाद भारत में कांग्रेस के प्रत्याशी 20 बार निर्विरोध चुने गए हैं। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि क्या तब लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा नहीं हुआ था? सिंह ने कहा कि कांग्रेस वह डूबता जहाज है जिसमें छेद हो चुका है और इस जहाज को डूबने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नहीं सकती। इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए 29 अप्रैल को नामांकन वापस ले भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले, भाजपा ने लोस चुनाव में गुजरात की सूरत सीट से 22 अप्रैल को पहली जीत दर्ज की, जब कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभानी का नामांकन गड़बड़ियों के कारण खारिज कर दिया गया और अन्य उम्मीदवार भी चुनावी दौड़ से बाहर हो गए।



## लखनऊ में आग लगने से कैदी वाहन जलकर राख, कैदी सुरक्षित

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार को राजभवन के गेट नंबर 14 के सामने जिला जेल से नौ महिला कैदियों को अदालत ले जा रहे पुलिस वाहन में आग लग गई। पुलिस ने बताया कि वाहन जलकर राख हो गया लेकिन कैदियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। पीटीआई-वीडियो टीम के अनुसार, आग लगने से पुलिस वैन पूरी तरह जलकर राख हो गई। हालांकि, वैन में सवार महिला कैदियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

महिला कैदियों को ले जा रहे पुलिस कर्मियों ने बताया कि वैन में नौ महिला कैदी और 14 महिला पुलिसकर्मी थीं।

हजरतगंज के अग्निशमन अधिकारी राम कुमार रावत ने बताया कि आग की सूचना मिलने पर कुछ ही देर में 'फायर ब्रिगेड' की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि ड्राइवर ने पास में एक बैटरी देखी, जिसके बाद वाहन को रोका गया और कैदियों को सुरक्षाकर्मियों ने बाहर निकाला।

## अल्पसंख्यक समुदाय को क्यों निशाना बनाया जा रहा है : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जांजगीर-चांपा/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुसलमानों पर उनकी टिप्पणी के लिए आलोचना की और पूछा कि केवल अल्पसंख्यक समुदाय को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से गुमराह न होने का आग्रह किया।

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि भाजपा गरीबों के कल्याण के लिए नहीं बल्कि उनके अधिकारों को छीनने के लिए चार सौ से अधिक सीट जीतना चाहती है। खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी यह महसूस करने के बाद निराश हो गए हैं कि इंडिया गठबंधन बहुमत की ओर बढ़ रहा है इसलिए वह मंगलसूत्र और हिंदू-मुसलमान के बारे में टिप्पणियों का सहारा ले रहे हैं। यह रैली जांजगीर-चांपा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी शिवकुमार डहरिया के समर्थन में थी। उन्होंने कहा, हम (लोकसभा चुनाव में) बहुमत की ओर बढ़ रहे हैं, जिसके कारण वह (मोदी) अब 'मंगलसूत्र' और मुसलमानों के बारे में बात करते हैं। वह कहते हैं कि हम आपकी संपत्ति चुरा लेंगे और उन लोगों को दे देंगे जिनके अधिक बच्चे हैं। क्या अधिक बच्चे केवल मुसलमानों के होते हैं। गरीब लोगों के भी अधिक बच्चे होते हैं। खरगे ने कहा, मेरे पांच बच्चे हैं। मैं इकलौता बेटा था। मेरी मां, बहन और चाचा की मृत्यु हो गई। एक बार मेरा घर जला दिया था। मैं इस पर नहीं जाऊंगा कि क्यों जलाया गया। (मेरे परिवार में) सभी लोग जल गए और मर गए। केवल मैं और मेरे पिता ही बचे थे। मेरे पिता ने मुझे बताया कि मैं उनका इकलौता बेटा हूं और वह मेरे बच्चों को देखना चाहते हैं। गरीब लोगों के पास संतानें होती हैं क्योंकि उनके पास धन नहीं होता। लेकिन आप (मोदी) केवल मुसलमानों के बारे में ही क्यों बात करते रहते हैं। मुसलमान अपनी जगह हैं और इसी देश के हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, भाइयो (सभा को संबोधित करते हुए) गुमराह मत होइए, हमें देश बनाना है और सबको साथ लेकर चलना है, उनकी तरह तोड़-फोड़ कर नहीं। राजस्थान में एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान का हवाला देते हुए कहा था कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो लोगों की संपत्ति का पुनर्वितरण करेगी। सिंह ने कथित रूप से कहा था कि संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी की इस टिप्पणी पर भी हमला बोला कि कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र सहित लोगों की संपत्ति जब्त करने की योजना बना रही है और पूछा, हमने (कांग्रेस) 55 वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन क्या हमने किसी का मंगलसूत्र छीना या लोगों को सलाखों के पीछे डालने के लिए ईडी, आईटी का दुरुपयोग किया।

## भाजपा के नेता उपयोगिता प्रमाणपत्र पर झूठ फैला रहे हैं : ममता बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हरिश्चंद्रपुर (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर केंद्रीय परियोजनाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करने पर झूठ फैलाने का सोमवार को आरोप लगाया और भाजपा नेतृत्व को अपने गिरेबान में झांकने की नसीहत दी। मालदा उत्तर लोकसभा क्षेत्र के हरिश्चंद्रपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के 32 विभागों ने उनके द्वारा खर्च किए गए 52,000 करोड़ रुपए का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया है।

बनर्जी ने कहा, अमित शाह ने मेमारी में एक सभा में दावा किया है कि हमने अपनी सरकार के 2.2 करोड़ रुपए के खर्च का उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं भेजा है। मैं उन्हें इसे साबित करने की चुनौती देती हूं। उन्होंने कहा, 13 साल पहले सत्ता में आने के बाद से हमने खर्चों का हर विवरण उपयोगिता प्रमाणपत्र में दिया है। 2011 से पहले माकपा के शासनकाल के दौरान जो कुछ भी हुआ, मैं उसकी जिम्मेदारी नहीं ले सकती। बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने प्रतिशोध के तहत बंगाल का मनरेगा के तहत 100 दिन का काम दिए जाने का पैसा रोक लिया। उन्होंने कहा, हमने धन जुटाया है जिससे 59 लाख लोगों को 50 दिन के काम का पैसा मिल गया। केंद्र के पास दो हथियार हैं- झूठ फैलाना और हमें मिलने वाले केंद्रीय कोष को रोकना।

मुख्यमंत्री ने कहा, हम केंद्र के सामने कभी नहीं झुकेंगे। उन्होंने आवास योजना का पैसा रोक लिया था, लेकिन हम 11 लाख




## भाजपा सरकार हटाने के लिए बहुत खामोशी से वोटों का जिहाद करो : मारिया आलम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**फर्रुखाबाद (उप्र)/भाषा।** फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से विपक्षी 'इंडि' गठबंधन के उम्मीदवार के लिए वोट मांगते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) की नेता मारिया आलम ने भाजपा सरकार को हटाने के लिए 'वोट जिहाद' की अपील की और इसे अल्पसंख्यक समुदाय के लिए मौजूदा हालात में जरूरी बताया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी और सपा नेता मारिया आलम ने सोमवार को खुर्शीद की मौजूदगी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए 'वोट जिहाद' की अपील की। उन्होंने मुसलमानों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा, संघी (भाजपा) सरकार को हटाने के लिए बहुत अक्लमंदी के साथ एक साथ होकर, बहुत खामोशी से वोटों का जिहाद करो, क्योंकि हम सिर्फ वोटों का जिहाद कर सकते हैं।

मारिया आलम ने भरोसे के साथ कहा, हम सब संघी सरकार को भगाने का काम कर सकते हैं। कायमगंज में 'इंडिया' गठबंधन के घटक सपा के प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य के लिए समर्थन मांगते हुए मारिया आलम ने कहा, बहुत समझदारी से बिना भावुक हुए और खामोशी के साथ मिलकर वोट जिहाद करें क्योंकि वोट जिहाद से ही हम इस संघी सरकार को भगा सकते हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि अब हाथ मिलाने का समय आ गया है, मारिया ने कहा कि अन्यथा यह 'संघी सरकार हमारे अस्तित्व को मिटाने में सफल हो जाएगी। उन्होंने मौजूदा भाजपा सांसद एवं प्रत्याशी मुकेश राजपूत का नाम लेते हुए कहा, बहुत शर्म आती है कि कुछ मुसलमानों ने मुकेश राजपूत की बैठक करायी।

## कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में भाजपा बलात्कारियों को बचा रही है, उन्हें भागने में मदद कर रही है: तेजस्वी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मंगलवार को कर्नाटक सेक्स स्कैंडल को लेकर केंद्र के सत्तारूढ़ दल भाजपा पर प्रहार करते हुए उस पर ''बलात्कारियों को बचाने और उन्हें भागने में मदद'' करने का आरोप लगाया। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी कथित तौर पर जनता दल (सेक्युलर) (जेडीएस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े मामले पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। रेवन्ना के बारे में कहा जाता है कि वे जर्मनी भाग गए हैं।

पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह कर्नाटक सेक्स स्कैंडल पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं। केंद्र की भाजपा सरकार ने आरोपी (प्रज्वल रेवन्ना) को जर्मनी भागने में मदद की। आरोपी कर्नाटक में करीब 2500 महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार में शामिल है। उनके (भाजपा नेताओं) ''बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ'' नारे का क्या हुआ। वे (भाजपा) ''बलात्कारियों को बचाने और उन्हें भागने में मदद'' करने में अधिक रुचि रखते हैं।

राजद नेता ने कहा, भाजपा नेता अब पूरी तरह बेनकाब हो गए हैं। मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री चुप रहे। कुछ महीने पहले दिल्ली में प्रदर्शनकारी महिला पहलवानों के साथ हुए शर्मनाक व्यवहार पर भी वह चुप रहे।

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल के मामले में यह सर्वविदित तथ्य है कि प्रधानमंत्री ने हाल में कर्नाटक में आरोपी के लिए प्रचार किया और उनके साथ मंच साझा किया।

## भाजपा ने कोविड टीके में भी कमीशन लिया, घटिया दवाएं जनता को दी गईं : शिवपाल यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**एटा (उप्र)/भाषा।** कोविड-रोधी टीके 'कोविशील्ड' की गुणवत्ता पर विवाद के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने टीके में भी कमीशन लिया और घटिया व महंगी दवाएं जनता को दी गईं।

कोविशील्ड टीके की गुणवत्ता के बारे में पूछे जाने पर शिवपाल यादव ने कहा, उन्होंने (भाजपा) वैक्सीन में भी कमीशन लिया है। पूरी पोल खुल चुकी है कि कम गुणवत्ता वाले टीके और दवाएं लोगों को दी गईं। यह अब सब लोगों को पता चल गया है। टीके के बारे में पूछे जाने पर मैनपुरी से सपा उम्मीदवार डिंपल यादव ने कहा, अखिलेश जी (सपा अध्यक्ष) ने पहले ही कहा था कि हम यह टीका नहीं लगवाएंगे क्योंकि तब तक इसका और परीक्षण नहीं हुआ था। लेकिन, इस समय शहर और गांव में दिल का दौरा पड़ने के मामले बढ़ गए हैं, लोग अचानक से गंभीर बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। डिंपल ने आरोप लगाया कि कोविशील्ड बनाने वालों से 200-300 करोड़ रु. का चंदा लिया और उनको टीके लगाने की अनुमति दे दी गई और जबरदस्ती लोगो को टीका लगाया गया।

## दो कूकी महिलाओं को पुलिसकर्मियों ने ही भीड़ के हवाले किया था : सीबीआई

**नई दिल्ली/भाषा।** मणिपुर में कूकी-जोमी समुदाय की दो महिलाओं को पुलिसकर्मियों ने ही कथित तौर पर उस भीड़ के हवाले कर दिया था जिसने उन्हें निर्वस्त्र कर घुमाया था। सीबीआई के आरोपपत्र में यह जानकारी दी गई है। सीबीआई के आरोपपत्र में कहा गया है कि कांगपोकपी जिले में इन महिलाओं ने पुलिसकर्मियों के सरकारी वाहन (जिप्सी) में शरण मांगी थी, लेकिन उन्होंने दोनों महिलाओं को करीब 1000 मेइती दंगाइयों की भीड़ को सौंप दिया।

इसमें कहा गया है कि इसके बाद दोनों महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया था। यह घटना राज्य में जातीय हिंसा के दौरान की है। आरोपपत्र का विस्तृत ब्यौरा देते हुए अधिकारियों ने कहा कि पीड़ित महिलाओं में से एक, करगिल युद्ध में शामिल सैनिक की पत्नी थी।

# मुंबई की अदालत ने क्रिकेट खिलाड़ी पृथ्वी शॉ को समन जारी किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मुंबई/भाषा।** यहां की एक सत्र अदालत ने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सपना गिल की अर्जी पर मंगलवार को क्रिकेट खिलाड़ी पृथ्वी शॉ को समन जारी किया। गिल ने क्रिकेटर के खिलाफ की गई उनकी शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को चुनौती दी हैं।

अंधेरी की एक मेट्रोपॉलिटन अदालत ने इस महीने की शुरुआत में गिल की याचिका पर पुलिस जांच का आदेश दिया था। गिल ने एक पब में उनके साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के मामले में शॉ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया था।

हालांकि, मेट्रोपॉलिटन अदालत ने गिल की एक अन्य अर्जी खारिज कर दी जिसमें उन्होंने शॉ और उनके मित्र के खिलाफ उनकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करने में असफल पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। मेट्रोपॉलिटन अदालत के दो फैसलों से असंतुष्ट गिल ने मलाड की सत्र अदालत के समक्ष पुनर्विचार अर्जी दाखिल की है।

अधिवक्ता अली काशिफ खान के माध्यम से दायर गिल के पुनर्विचार आवेदन में दावा किया गया है कि तीन अप्रैल को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा पारित आदेश अनियमित और अवैध है और अदालत ने इसे पारित करने में 'गंभीर त्रुटि' की है।

अतिरिक्त सत्र न्यायधीश डी.जी.धोबले ने मंगलवार को शॉ को समन जारी किया। अदालत ने यहां हवाईअड्डा पुलिस को भी समन जारी किया, जिसने गिल द्वारा पहली बार संपर्क किए जाने के बाद प्राथमिकी दर्ज नहीं की। इस मामले की छह जून को अगली सुनवाई होगी।

गिल को फरवरी 2023 में एक उपनगरीय होटल में सेल्फी लेने को लेकर हुई बहस के बाद शॉ पर कथित तौर पर हमले के सिलसिले में कुछ अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया था। वह उक्त मामले में फिलहाल जमानत पर हैं।

मामले में जमानत पर रिहा होने के बाद गिल ने अंधेरी में हवाईअड्डा पुलिस थाने में शॉ, उनके मित्र आशीष यादव तथा अन्य के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शॉ के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया जिसके बाद गिल ने मजिस्ट्रेट अदालत का रुख किया था।

## राबड़ी ने नीतीश पर महिलाओं को अपमानित करने का आरोप लगाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा हाल में अपनी कुछ चुनावी रैलियों में महिलाओं को लेकर की गई टिप्पणियों के लिए उनकी आलोचना की।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी ने एक बयान जारी कर प्रश्न किया, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी। आप निरंतर महिलाओं की अस्मिता और गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले आपत्तिजनक बयान क्यों दे रहे हैं। उन्होंने कहा, नीतीश जी, किसी के कपड़ो में झांकने से बेहतर होता कि आप बिहारवासियों की दुख, तकलीफ और परेशानियों को देखते। चाहे सदन हो या सड़क या चुनावी मंच, मुख्यमंत्री सब काम धाम छोड़ कर महिलाएं क्या करती हैं। वे क्यों ऐसा करती हैं। वे क्या खाती हैं। वे क्या ओढ़ती हैं, वे क्या पहनती हैं। वे बच्चे क्यों पैदा करती हैं। बस इन्हीं सब फालतू बातों में वह (कुमार) लगे रहते हैं।

राबडी देवी ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर अपने एक पोस्ट में जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार की एक वीडियो क्लिप साझा करते हुए कहा, बताइए कह रहे हैं कि इनके आने (सत्ता में आने) से पहले आपके घर की महिलाएं, बहन-बेटियां कपड़े ही नहीं पहनती थीं। मुख्यमंत्री जी, यह क्या-क्या कुतर्क गढ़ रहे हैं। राजनीतिक विरोध करना है तो तर्क और तथ्यों से करिए, न कि इस तरह कि जब मन में आया, अपनी अपनी तंग सोच और जुबान से महिलाओं की अस्मिता को ठेस पहुंचा दिया। आप जिम्मेवार पद पर हैं, थोड़ी जिम्मेवारी और मर्यादा का ख्याल रखिए।

## सुविचार

**पछतावा अतीत नहीं बदल सकता और चिंता भविष्य नहीं सँवार सकती, इसलिए वर्तमान का आनंद लेना ही जीवन का सच्चा सुख है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# दूरदर्शिता दिखाएं

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा मुर्शिदाबाद जिले में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बारे में की गई टिप्पणी में तथ्यों का अभाव तो था ही, इसमें विषय को किसी 'और ही दिशा' में ले जाने की कोशिश भी की गई। प्राय: चुनावी माहौल में नेता ऐसी टीका-टिप्पणी कर देते हैं, जो उनके दल के लिए लाभदायक सिद्ध हों, लेकिन इनमें तथ्यों का ध्यान रखते हुए कुछ दूरदर्शिता भी झलकनी चाहिए। वरिष्ठ नेताओं से तो यही आशा की जाती है। ममता बनर्जी ने उस जनसभा में भाजपा पर खूब शब्दबाण छोड़े, जो कि उनका हक है, लेकिन यह कहना कि 'यूसीसी से हिंदुओं को किसी भी तरह से फायदा नहीं होगा', ग़ैर-ज़रूरी है। क्या देश में किसी कानूनी या सामाजिक सुधार को इसी दृष्टि से देखना चाहिए कि वह एक समुदाय को फायदा देगा या नहीं? 'नफा-नुकसान' का यह गणित देश के भविष्य के लिए ठीक नहीं है। हर दशक की अपनी कानूनी और सामाजिक जरूरतें होती हैं, जिनको ध्यान में रखते हुए नए विचारों और सुधारों का रास्ता अपनाना चाहिए। सुधारों में व्यापकता होनी चाहिए। ऐसा न हो कि वे एक समुदाय तक ही सीमित रहें। उनका लाभ सभी समुदायों तक पहुंचना चाहिए। ममता बनर्जी जिस प. बंगाल की मुख्यमंत्री हैं, वह महान संतों और सुधारकों की भूमि है। स्वामी विवेकानंद, राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर आदि ने वहां जो जनजागरण किया, उसके लाभ सभी समुदायों तक पहुंचे थे। सुधारों से समाज में नई ऊर्जा आती है। बंगाल के संतों और सुधारकों ने जो तपस्या की, उसका परिणाम सबने देखा। शिक्षा का प्रसार, कुरीतियों का उन्मूलन, राष्ट्रवाद का आह्वान ... ये ऐसे दिव्य मंत्र थे, जिन्होंने बंगाल में कई क्रांतिकारी पैदा किए। भारत की स्वतंत्रता में उनका बहुत बड़ा योगदान था।

बंगाल के उन संतों और सुधारकों के संदेश का भारत के अन्य इलाकों में भी प्रचार-प्रसार हुआ था। स्वामी विवेकानंद ने बालविवाह का विरोध किया था। उन्होंने ऐसे बच्चों के लिए विद्यालय खोलने पर जोर दिया था, जिनके माता-पिता के पास संसाधन नहीं थे। स्वामीजी ने अपने पत्रों-भाषणों में बार-बार इस बात का जिक्र किया, जिससे प्रेरणा लेकर बहुत लोग आगे आए थे। आज हम भारत में शिक्षा, समानता, महिला अधिकारों की एक उज्ज्वल छवि देख रहे हैं तो यह स्वीकार करना होगा कि ऐसा बदलाव रातोंरात नहीं आया था। इसे संभव बनाने के लिए उन संतों और सुधारकों ने अथक प्रयास किए थे। आज जब यूसीसी की बात होती है तो इस मुद्दे को दलगत राजनीति और वोटबैंक से ऊपर उठकर देखना चाहिए। क्या सामाजिक समानता लाने के लिए कानूनों का सरलीकरण नहीं किया जाना चाहिए? क्या विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने, भरण-पोषण आदि मामलों में सुधारों का मार्ग प्रशस्त नहीं होना चाहिए? क्या लोगों, खासकर महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिलने चाहिएं? आज पूरी दुनिया भारत को बहुत आशा भरी दृष्टि से देख रही है। इस समय हमें कानूनों का सरलीकरण करते हुए सुधारों की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए या जहां हैं, वहीं जड़ जमाकर खड़े रहना चाहिए? अगर यूसीसी को लेकर किसी नेता या दल को आपत्ति है तो वह इसके बारे में जरूर बताए, लेकिन यह रवैया कहां तक उचित है कि हमें इसकी ओर कदम ही नहीं बढ़ाना चाहिए? इस पर कम-से-कम कोई बात तो हो! आपत्ति या सहमति तो बाद का विषय है। इस मुद्दे पर आम राय बनाने के लिए जनता के बीच जाएं और कहें कि हम सभी समुदायों के उत्थान के लिए यह सुधार करेंगे। नेताओं को सियासी 'नफा-नुकसान' से ऊपर उठकर 'राष्ट्र प्रथम' का संदेश देना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



कुछ दिन से कांग्रेस ने हमारे 400 पार के लक्ष्य को ट्विस्ट करना शुरू किया है। वो अपप्रचार कर रहे हैं कि भाजपा 400 पार करने के बाद संविधान बदल देगी और आरक्षण को समाप्त कर देगी। ये दोनों चीजें निराधार और तथ्यहीन है।

**-अमित शाह**



वर्ष 2004 में जब वो फिर आए तो मुसलमान को ओबीसी कोटा देना तय किया, लेकिन मामला कोर्ट में उलझ गया। संसद से ओबीसी को जो 27 प्रतिशत आरक्षण मिला हुआ है, इस पर उन्होंने डाका डालने की कोशिश की।

**-नरेन्द्र मोदी**



आज जनसंपर्क यात्रा के दौरान भारतीय सेना के शहीद जवान पवन धंगल की माता जी से मुलाकात की और वीर पवन को श्रद्धांजलि अर्पित की। हिमाचल को वीरों की भूमि यूं ही नहीं कहा जाता, हमारी माताओं के वीर बेटों ने इस मातृभूमि को अपने लहू से सींचा है।

**-कंगना रानौत**

## प्रेरक प्रसंग

# कष्ट से साधना

देवता और दैत्य अपना-अपना प्रतिनिधिमंडल लेकर भगवान के पास पहुंचे। उन्होंने भगवान के सम्मुख अपना निवेदन रखा और बोले, 'प्रभु! सृष्टि के चक्र से मुक्त होने के लिए आपने जो साधना का विधान बनाया है, वह बड़ा कष्टसाध्य है। कृपया यह व्यवस्था उन्हें दे दें, ताकि हम थोड़ा सरल मार्ग निकाल सकें।' भगवान ने सहजता से यह व्यवस्था उनको प्रदान कर दी। कुछ दिनों तक सब ठीक चला, बाद में समूह ने देखा कि बिना कष्टसाध्य प्रयास के जो आत्माएं जीवनमुक्त हो रही हैं, जनसामान्य के मन से जीवन के प्रति सम्मान की भावना जा रही है। लोग बे-मन से थोड़ी-बहुत साधना में रत होते और उसका त्वरित प्रभाव मिलने पर पुन: भोग-विलास में लिप्त हो जाते। सृष्टि में धीरे-धीरे अव्यवस्था फैलने लगी। चिंतातुर प्रतिनिधिमंडल पुन: भगवान के पास पहुंचा और स्थिति का विवरण उन्हें किया। भगवान हंसे और बोले, 'साधना का अर्थ ही संघर्ष है। बीज पृथ्वी के साथ संघर्ष करता है, तभी उसमें से अंकुर निकल पाता है। भ्रूण शरीर के साथ संघर्ष करता है तो जन्म पाता है। तुमने साधना में से संघर्ष निकाल लिया तो वह मूल्यहीन हो गई।'

## सामयिक

# राष्ट्र के प्रगति चक्र में श्रमिकों की भूमिका

योगेश कुमार गोयल
मोबाइल : 9034304041.



प्रतिवर्ष 1 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' अथवा 'मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसे 'मई दिवस' भी कहा जाता है। यह दिवस समाज के उस वर्ग के नाम है, जिसके कंधों पर सही मायनों में विश्व की उन्नति का दारोमदार है। इसमें कोई दो राय नहीं कि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति तथा राष्ट्रीय हितों की पूर्ति का प्रमुख भार इसी वर्ग के कंधों पर होता है। वर्तमान मशीनी युग में भी उनकी महत्ता कम नहीं है। श्रमिक दिवस और श्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट का कहना था कि किसी व्यवसाय को ऐसे देश में जारी रहने का अधिकार नहीं है, जो अपने श्रमिकों से जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से भी कम मजदूरी पर काम करवाता है। जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से उनका आशय सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक मजदूरी से था।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर यह जानना आवश्यक है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर श्रमिक दिवस कब से और क्यों मनाया जाता है? अमेरिका में 8 घंटे से ज्यादा काम न कराने के लिए की गई कुछ मजदूर यूनियनों की हड़ताल के बाद 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाए जाने की शुरूआत हुई थी। दरअसल वह ऐसा समय था, जब कार्यस्थल पर मजदूरों को चोट लगना या काम करते समय उनकी मृत्यु हो जाना आम बात थी। ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने, कार्य करने के घंटे कम करने तथा सप्ताह में एक दिन के अवकाश के लिए मजदूर संगठनों द्वारा पुरजोर आवाज उठाई गई। 1 मई 1886 का ही वह दिन था, जब वह हड़ताल हुई थी और शिकागो शहर के हेय मार्किट चौराहे पर उनकी रोज सभाएं होती थी। 4 मई 1886 को जब शिकागो के हेय मार्किट में उस हड़ताल के दौरान पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास कर रही थी, उसी दौरान किसी अज्ञात शख्स ने एकाएक भीड़ पर बम फेंक दिया। उसके बाद पुलिसिया गोलीबारी के कारण कई श्रमिक मारे गए। हालांकि उस समय अमेरिकी प्रशासन पर उन घटनाओं का कोई असर नहीं पड़ा लेकिन बाद में श्रमिकों के लिए 8 घंटे कार्य करने का समय निश्चित कर दिया गया। मजदूरों पर गोलीबारी और मौत के दर्दनाक घटनाक्रम को स्मरण करते हुए ही 1 मई 1886 से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाने लगा। 1889 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय महासभा की द्वितीय बैठक में फ्रांसीसी क्रांति को याद करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया कि इसे 'अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस' के रूप में मनाया जाए। उसी समय से विश्वभर के 80 देशों में मई दिवस' को राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मान्यता प्रदान की गई।

श्रमिक वर्ग ही है, जो अपनी हाड़-तोड़ मेहनत के बलबूते पर राष्ट्र के प्रगति चक्र को तेजी से घुमाता है लेकिन कर्म को ही पूजा समझने वाला श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मई दिवस के अवसर पर देशभर में भले ही मजदूरों के हितों की बड़ी-बड़ी योजनाएं बनती हैं, ढ़ेरों लुभावने वायदे किए जाते हैं, जिन्हें सुनकर एकबारगी तो लगता है कि उनके लिए अब कोई समस्या नहीं बचेगी किन्तु अगले ही दिन मजदूरों को पुनः उसी माहौल से रूबरू होना पड़ता है, फिर वही शोषण, अपमान व जिल्लत भरा तथा गुलामी जैसा जीवन जीने के लिए अभिशप्त होना पड़ता है। समय-समय पर मजदूरों के लिए नए सिरे से मापदंड निर्धारित किए जाते हैं लेकिन इनको क्रियान्वित करने की फुर्सत ही किसे है?

जहां तक मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों की मांग का सवाल है तो मजदूरों के संगठित क्षेत्र द्वारा ऐसी मांगों पर उन्हें अक्सर कारखानों के मालिकों की मनमानी और तालाबंदी का शिकार होना पड़ता है और प्रायः जिम्मेदार अधिकारी भी कारखानों के मालिकों के मनमाने रवैये पर लगाम लगाने की चेष्टा नहीं करते। जहां तक मजदूर संगठनों के नेताओं द्वारा मजदूरों के हित में आवाज उठाने की बात है तो आज के दौर में अधिकांश ट्रेड यूनियनों के नेता भी भ्रष्ट राजनीतिक तंत्र का हिस्सा बने हैं, जो विभिन्न मंचों पर श्रमिकों के हितों के नाम पर शोर तो बहुत मचाते नजर आते हैं लेकिन अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति हेतु कारखानों के मालिकों से सांठगांठ कर अपने ही साथियों के हितों पर कुल्हाड़ी चलाने में संकोच नहीं करते।

ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके लिए मनाया जाता है श्रमिक दिवस'? बहुत से मजदूरों की तो इस दिन भी काम करने के पीछे यह मजबूरी भी होती है कि अगर वे एक दिन भी काम नहीं करेंगे तो उनके घरों में चूल्हा कैसे जलेगा। विड़म्बना है कि देश की स्वाधीनता के सात दशक से भी अधिक बीत जाने के बाद भी अनेक श्रम कानूनों को अस्तित्व में लाने के बावजूद हम ऐसी कोई कारगर व्यवस्था नहीं कर पाए हैं, जो मजदूरों को उनके श्रम का उचित मूल्य दिला सके। हालांकि इस संबंध में एक सच यह भी है कि अधिकांश श्रमिक या तो अपने अधिकारों के प्रति अनभिज्ञ होते हैं या वे अपने अधिकारों के लिए इस कारण आवाज नहीं उठा पाते कि कहीं इससे नाराज होकर उनका मालिक उन्हें काम से न निकाल दे और उनके परिवार के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ जाए।

## चिंतन

# कांग्रेस के बाड़े से क्यों भाग रहे हैं नेता?

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा हैट्रिक की तैयारी में जुटी है। वहीं विपक्षी पार्टियों की एक के बाद एक मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। 'इंडि' गठबंधन को मजबूत करने में जुटी कांग्रेस अब खुद कमजोर ही नजर आ रही है। कांग्रेस के नेता लगातार पार्टी से छिटकते जा रहे हैं, कांग्रेस नॉर्थ से लेकर ईस्ट तक संकट में घिरी नजर आ रही है। यहां के कई राज्यों में पिछले दो दिनों में इस्तीफों का सिलसिला देखने को मिला है। पहले भारत जोड़ो यात्रा और अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए खोई साख हासिल करने में जुटी कांग्रेस अपने ही नेताओं को जोड़े रखने में विफल नजर आ रही है। फिर चाहे बात हिमाचल-बिहार की हो या फिर बंगाल-असम की। कांग्रेस के कद्दावर नेता पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। नेताओं के पार्टी छोड़ने के सवाल पर राहुल गांधी कह चुके हैं कि जो भी जाना चाहता है, वह जा सकता है। उधर, जो नेता पार्टी छोड़ रहे हैं वह कांग्रेस पर अनदेखी और जैसे आरोप लगा रहे हैं।

इस्तीफों का सिलसिला इन चार राज्यों में ही सीमित नहीं है। इससे पहले महाराष्ट्र और झारखंड जैसे राज्यों में भी दलबदल का खेला देखने को मिला था। यहां कांग्रेस के कई कद्दावर नेताओं ने पार्टी छोड़कर भाजपा जॉइन कर ली। महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण और बसवराज पाटिल जैसे बड़े नेताओं का पाला बदलना कांग्रेस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। वहीं झारखंड में भी पार्टी की एकलौती सांसद गीता कोड़ा ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। इसके बाद भी इस्तीफों का सिलसिला जारी है। अब हद तो तब हो गई जब देश के चुनाव में दो चरण बीत चुके हैं और तब कांग्रेस के भीतर रण छोड़ने का अलग ही चरण चल रहा है। कांग्रेस में कोई प्रदेश अध्यक्ष पद छोड़ रहा है। कोई उम्मीदवारी छोड़ रहा है। और कोई गढ़ माने जाने वाली सीट पर उम्मीदवारी का पत्ता ही नहीं खोल रहा है। अब सोमवार को दस्तक देती खबर मध्य प्रदेश की बड़ी लोकसभा सीट इंदौर से आई, जहां बारात तैयारी थी, बाराती तैयार थे, लेकिन अचानक दूल्हा पलट गया। यानी इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी ने नामांकन वापसी के आखिरी दिन खुद ही अपना पर्चा वापस लेकर कांग्रेस को स्वच्छता में टॉप रहने वाले शहर इंदौर से चुनाव में साफ कर दिया।

400 पार का नारा देती भाजपा देश में एक सीट निर्विरोध जीत चुकी है, दो पर जीत पहले से तय मानी जा रही है। क्योंकि मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट पर'इंडि' गठबंधन की प्रत्याशी मीरा यादव का पर्चा दस्तखत ना होने से खारिज हो गया। यहां बाद में'इंडि' गठबंधन ने अपना प्रत्याशी न रहने पर ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के कैंडिडेट को समर्थन दे दिया है। फिर गुजरात के सूरत में कांग्रेस के अधिकृत और डमी, दोनों प्रत्याशी का पर्चा खारिज हो गया था। बाकी बसपा समेत निर्दलीय प्रत्याशियों ने पर्चा वापस से लिया। भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध जीत गए। अब मध्य प्रदेश के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के गृह जिले इंदौर की सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय बम ने अपना पर्चा वापस ले लिया। है। इतना ही नहीं, जब इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन वापस लेने पहुंचे तो उनके साथ कलेक्टर ऑफिस में भाजपा विधायक रमेश मेंदोला देखे गए। और फिर भाजपा में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश के बड़े नेता कैलाश विजयवर्गीय के साथ अक्षय कांति बम निकल पड़े। अब सवाल उठता है कि आखिर क्यों कांग्रेस प्रत्याशी ने ऐसा किया? कहीं सरकार पलटे या विधायक। तुरंत ऑपरेशन लोटस के आरोप लगते हैं। इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी के पर्चा लेकर पलटने पर भी आरोप लगाया जा रहा है कि कांग्रेस प्रत्याशी की कोई कमजोर नस दबाई गई है।

इंदौर में कांग्रेस की शहर कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव को कलेक्टर दफ्तर के बाहर फोन पर कांग्रेस के किसी नेता को कॉल करके गुस्सा निकालते देखा गया। इस दौरान वह फोन पर कह रहे थे, मैं शुरु से कह रहा था कि नाम वापस लेगा, पैसा देखकर टिकट दिया क्या योगदान था? क्या संघर्ष किया? पार्टी हाईकमान को देखना चाहिए हमारे जैसे कार्यकर्ता को मार रही है। अकेले खड़े हैं, वो निकल गया। पार्टी क्यों देती है पैसा देखकर, काम को आधार नहीं बनाते हो?

यानी कांग्रेस के ही स्थानीय नेता अपने ही प्रत्याशी पर पहले से सवाल उठाते आए। उन्हें डर था कि ये पार्टी पाला पर्चा सब बदलेंगे। हुआ वही जो कांग्रेस के नेताओ को डर था। अब सवाल है कि खजुराहो, सूरत और इंदौर में जो हुआ, क्या आगे मध्य प्रदेश में और भी किसी सीट पर हो सकता है? जवाब में मुख्यमंत्री मोहन यादव कहते हैं कि हमारा दर खुला है, खुला ही रहेगा, तुम्हारे लिए। उन्होंने कहा, करीब ढाई लाख लोग ज्वाइन कर रह हैं, हमको सेलेक्शन करना पड़ता है किस को आने दें। 179 पूर्व विधायक पार्टी ज्वाइन कर चुके हैं, पार्टी का बढ़ता ग्राफ है। छतरी में अधिकांश लोग समाहित हो रहे हैं। कांग्रेस सोचे उनके लोग पार्टी क्यों छोड़ रहे हैं। बता दें कि हर चरण के चुनाव से पहले भाजपा के खाते में एक अच्छी खबर आ रही है। फर्स्ट फेज से पहले खजुराहो में सपा प्रत्याशी का पर्चा खारिज हुआ। दूसरे फेज से पहले सूरत में कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा खारिज हुआ। तीसरे फेज से पहले अब इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापिस ले लिया। और अब उस सीट की दस्तक के बारे में बात करते हैं, जहां 2014 में हारी भाजपा प्रत्याशी ने फिर हार नहीं मानी। उसी सीट को अपना घर बनाया। 2019 में जीत हासिल की। ये सीट है उत्तर प्रदेश की अमेठी की। जहां आज स्मृति इरानी ने ने नामांकन किया। हलफनामे में दिल्ली नहीं अमेठी में बनवाए गए घर को ही अपना पता दिखाया। इसी अमेठी को राहुल गांधी भी अपना घर आंगन कहते थे। लेकिन अमेठी से राहुल के लड़ने को लेकर असमंजस अब तक बना हुआ है। भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य में 'इंडि' के सीट बंटवारे के तहत कांग्रेस ने खजुराहो सीट सपा के लिए छोड़ दी थी। भाजपा ने इस सीट पर अपने प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को इस सीट से मैदान में उतारा है। रिटर्निंग अधिकारी ने सपा प्रत्याशी मीरा यादव के नामांकन पत्र में दो कमियां निकाल दीं। पहला, फॉर्म के साथ लगी मतदाता सूची प्रमाणित नहीं है या पुरानी है। दूसरी- दो जगह हस्ताक्षर कराना था, लेकिन केवल एक ही स्थान पर साइन किया गया है। यहां सपा का पर्चा खारिज होने के बाद 'इंडि' गठबंधन ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के कैंडिडेट को समर्थन दे दिया है।

सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के मुकेश दलाल को निर्विरोध विजेता घोषित किया गया था। इस सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर ने रद्द कर दिया था। उनके प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में गड़बड़ियों का हवाला देकर नामांकन रद्द किया गया था। कांग्रेस के उम्मीदवारों का नामांकन रद्द होने के बाद बाकी बचे 8 उम्मीदवारों ने भी अपनी उम्मीदवारी वापिस ले ली। ऐसे में भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध चुन लिए गए। चुनाव आयोग ने उन्हें जीत का सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया है। यह पहली बार है जब लोकसभा चुनाव में भाजपा का कोई सांसद निर्विरोध चुना गया हो।

## नजरिया

# भय और भूख के साये में दुनिया के मजदूर

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

वह भी एक दिन था जब देश और दुनिया में मजदूरों के हक़ हकूकों के लिए लम्बी लड़ाई लड़ी जाती थी। दुनिया के मजदूरों एक हो के नारे से समस्त संसार गूँज उठता था। मगर मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई आज मुठी भर संगठनों के प्रदर्शनों में दबकर रह गई है। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस को श्रमिक दिवस भी कहा जाता है। यह हर साल 1 मई को दुनिया भर में मजदूरों और कामगारों के योगदान और उनके अधिकारों के सम्मान में मनाया जाता है। श्रमिक हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग है। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 की थीम सामाजिक न्याय और सभी के लिए सभ्य कार्य रखी गई है। इसके अलावा भी कई बिंदुओं को रखा गया है। इस थीम का उद्देश है मज़दूरों की गरिमा का ख्याल रखना और उन्हें शांतिपूर्ण कामकाजी वातावरण प्रदान करना। अंतरर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पूरे विश्व में 1 मई को मनाया जाता है। मजदूर हमारे समाज का वह तबका है जिस पर समस्त आर्थिक उन्नति टिकी होती है। वह मानवीय श्रम का सबसे आदर्श उदाहरण है । आज के मशीनी युग में भी उसकी महत्ता कम नहीं हुई है । उद्योग, व्यापार, कृषि, भवन निर्माण, पुल एवं सड़कों का निर्माण आदि समस्त क्रियाकलापों में मजदूरों के श्रम का योगदान महत्त्वपूर्ण होता है ।



मजदूर अपना श्रम बेचता है। बदले में वह न्यूनतम मजदूरी प्राप्त करता है। उसका जीवन-यापन दैनिक मजदूरी के आधार पर होता है । जब तक वह काम कर पाने में सक्षम होता है तब तक उसका गुजारा होता रहता है। जिस दिन वह अशक्त होकर काम छोड़ देता है, उस दिन से वह दूसरों पर निर्भर हो जाता है। भारत में कम से कम असंगिठत क्षेत्र के मजदूरों की तो यही स्थिति है। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की न केवल मजदूरी कम होती है, अपितु उन्हें किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा भी प्राप्त नहीं होती। महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति स्वयं को मालिक या प्रबंधक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे।

आजादी के बाद देश ने विज्ञान, कृषि, उद्योग, सूचना प्राद्योगिकी, तकनीक सहित अनेक क्षेत्रो में तरक्की की लेकिन इस तरक्की से कौसो दूर रहे मजदूर वर्ग को जीवन यापन के लिए आज भी कड़ी मशक्कत से गुजरना पड़ता है। देश के विकास में मजदूर वर्ग का एक बड़ा योगदान होने के बावजूद भी मजदूर वर्ग की निजी जिंदगियाँ विकास से अछूती रही हैं। दुनियां के मजदूरों एक हो का नारा हमने बुलंद किया। अनेक श्रम कानून बनाकर मजदूर वर्ग के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। संगठित क्षेत्रों में मजदूरों को इसका लाभ भी मिला मगर असंगठित क्षेत्र के मजदूर आज भी रोटी कपडा और मकान के लिए तरस रहे है। आजादी के 76 वर्षों के बाद भी हम कामगारों को न्याय नहीं दिला पाए है। मगर असंगठित क्षेत्र के मजदूर आज भी अपने हकों से मरहूम है। आज उनके लिए फर्नांडीज, गोपालन या ठेंगड़ी जैसा नेता नहीं है। आजादी के शुरू के 50 वर्षों में मजदूरों के हितों के लिए लड़ाई लड़ने वाले नेता थे मगर आज दूर दूर भी कोई संघर्षशील नेता दिखाई नहीं दे रहा है। देश का मज़दूर आज भी बेहाल है। रोटी कपड़ा और मकान के लिए उनका संघर्ष अनवरत जारी है। कारखाने, कंपनियां और छोटे बड़े सभी प्रकार के उद्योग दस-दस बारह-बारह घंटे काम के लेकर भी पूरी मज़दूरी का भुगतान नहीं करते। अपने श्रम का पूरा भुगतान मांगने वालों पर बर्खास्तगी और छंटनी आदि का खतरा लगातार मंडराता रहता है। क्योंकि उनकी आवाज़ को बल देने वाले नेता अब नहीं है। आज मज़दूर संगठन भी है और नेता भी मौजूद है मगर वो धार नहीं है जिसकी आज जरुरत है। अब तो मजदूरों को मई दिवस भूलना पड़ेगा या संघर्ष की कमान खुद को ही संभालनी पड़ेगी तभी मई दिवस का सपना पूरा होगा।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

### स्वागत



जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार विद्युत बरन महतो का मंगलवार को जमशेदपुर के डीसी कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करने के तुरंत बाद पार्टी समर्थकों द्वारा स्वागत किया गया।

# विदेश मंत्रालय ने पन्नू मामले पर वाशिंगटन पोस्ट की खबर को 'अवांछित, निराधार' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। अमेरिका के अखबार 'द वाशिंगटन पोस्ट' की एक खबर में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की साजिश में एक भारतीय अधिकारी का नाम लिए जाने के एक दिन बाद, मंगलवार को भारत ने कहा कि खबर में एक गंभीर मामले में अवांछित और निराधार आरोप लगाए गए हैं और मामले की जांच जारी है। अखबार ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से अमेरिका में पिछले साल पन्नू की कथित हत्या की साजिश के संबंध में एक रॉ अधिकारी का नाम लिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, रिपोर्ट में एक गंभीर मामले में अवांछित और निराधार आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कथित साजिश पर अमेरिका द्वारा दी गई जानकारी की पड़ताल करने के लिए भारत द्वारा गठित एक उच्चस्तरीय जांच समिति मामले में अब भी तफ्तीश कर रही है। उन्होंने कहा, भारत सरकार ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों तथा अन्य के नेटवर्क पर अमेरिकी सरकार द्वारा साझा की गईं सुरक्षा चिंताओं की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है जिसकी जांच जारी है। जायसवाल 'द वाशिंगटन पोस्ट' की खबर पर मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, इस पर काल्पनिक और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों की जरूरत नहीं है। 'द वाशिंगटन पोस्ट' की खबर में रॉ के अधिकारी की पहचान विक्रम यादव के रूप में की गई है और आरोप लगाया गया है कि पन्नू को मारने की साजिश में वह शामिल थे।

पिछले साल नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर अमेरिका में सिख अलगाववादी पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में भारत सरकार के एक आधिकारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया था। भारत में आतंकवाद के आरोपों में वांछित पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। उसे विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (रोकथाम) अधिनियम के तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आतंकवादी घोषित किया गया है।

इससे कुछ महीने पहले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सितंबर में ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का दावा किया था।

### प्रचार



गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार कल्पना सोरेन मुर्मू मंगलवार को झारखंड के गिरिडीह जिले के बेंगाबाद क्षेत्र में एक चुनाव प्रचार रैली के दौरान लोगों से बातचीत करती हुई।

# 'पश्चिमी मीडिया भारत की उल्लेखनीय प्रगति को देख नहीं पा रही'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मिलपिटास (कैलिफोर्निया)। अमेरिका के सैनफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी शिक्षविद डॉ.अनुराग मैराल ने गत 10 साल को भारत की उल्लेखनीय प्रगति वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम मीडिया भारत की प्रगति को समझ नहीं पा रही है और उससे दूर बैठकर अलग कहानी लिख रही है जिसकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। स्टैंडफोर्ड विश्वविद्यालय के स्टैंडफोर्ड बेयर्स सेंटर फॉर डिजाइन में वैश्विक संपर्क कार्यक्रम के निदेशक और औषधि विभाग के प्रोफेसर डॉ.मैराल ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, अगर आप वास्तविक स्थिति जानना चाहते हैं तो जमीन पर जाकर काम करें। उन्होंने कहा,मुझे लगता है कि भारत जैसे जटिल देश के लिए दूर से रिपोर्टिंग करना ऐसी कहानियां लिखने का एक नुस्खा है जो आपको विश्वसनीयता प्रदान नहीं करती हैं।

मैराल भारतीय चुनावों, लोकतंत्र की स्थिति और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर पश्चिमी मीडिया में विशेष रूप से अमेरिका में हाल में प्रकाशित नकारात्मक लेखों की श्रृंखला को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अधिकांश प्रमुख वैश्विक मीडिया की जो रिपोर्ट सामने आ रही हैं, वे उन्हें कुछ मायनों में कम विश्वसनीय और हास्यास्पद बनाती हैं। हममें से अधिकांश जो भारत को जानते हैं वे अब वास्तव में उन खबरों या लेख का अनुसरण नहीं करते हैं क्योंकि हम उन्हें केवल सतही पाते हैं और वास्तविक आंकड़ों पर आधारित नहीं हैं।भारतीय लोकतंत्र के भविष्य और देश के अधिनायकवादी शासन की ओर बढ़ने के आरोपों के बारे में अमेरिकी मीडिया में प्रकाशित हो रही खबरों और विचारों को लेकर पूछे गए सवाल पर स्टैनफोर्ड के प्रोफेसर ने कहा कि यह सच्चाई से बहुत दूर है। उन्होंने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से देश (भारत) को निकट भविष्य में निरंकुश शासन की दिशा में बढ़ते हुए नहीं देखता हूं। शायद कभी नहीं। मुझे भारतीय लोगों पर विश्वास है। डॉ.मैराल ने कहा, भारतीयों में जबरदस्त आत्मविश्वास है, वे अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में बहुत ही जागरूकता हैं।

उन्होंने कहा, आमतौर पर पश्चिमी मीडिया के संभ्रांत लोग भारतीय मतदाताओं की परिपक्वता के स्तर की सराहना नहीं करते हैं और मुझे नहीं लगता कि वे (भारतीय) निरंकुशता के पक्ष में खड़े होंगे।

# अपूर्वा अरोड़ा ने चोट के बाद भी जारी रखा काम

मुंबई/एजेन्सी



अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा ने चोट के बाद भी काम जारी रखा, जो उनके समर्पण को दर्शाता है। अपने बहुमुखी अभिनय के लिए मशहूर अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा को हाल ही में चोट का सामना करना पड़ा। एक ऑडिशन के दौरान, अपूर्वा को गर्दन में चोट लगी।असहनीय दर्द के बावजूद, अपनी कला के प्रति उनका समर्पण अटूट रहा।यह घटना अपूर्वा की अपने काम के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

अभिनय उनके लिए सिर्फ एक पेशा नहीं है; यह एक आह्वान है जिसे वह अटूट दृढ़ संकल्प के साथ पूरा करती है। चोट के बाद अपूर्वा अब ठीक होने की राह पर हैं। अपूर्वा को उनके हालिया शो फैमिली आज कल के लिए सराहना मिली है और वह अगली बार रोहन सिप्पी के निर्देशन में बनी फिल्म अनरियल में नजर आएंगी।

# मोदी की जीत के लिए अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने हवन आयोजित किए

वाशिंगटन/भाषा। अमेरिका के विभिन्न शहरों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सैकड़ों समर्थकों ने, भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत के लिए सप्ताहांत पर हवन का आयोजन किया। 'ओवरसीज़ फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी-यूएसए' (ओएफबीजेपी-यूएसए) द्वारा न्यूजर्सी, न्यूयॉर्क, वर्जीनिया, मैरीलैंड और शिकागो में रविवार को यह हवन आयोजित किए गए। संगठन ने सोमवार को एक बयान में बताया, ये पवित्र अनुष्ठान आध्यात्मिक शक्ति उत्पन्न करते हैं और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समृद्ध भारत के लिए भाजपा के दृष्टिकोण का समर्थन करने के हमारे सामूहिक दृढ़ संकल्प का प्रतीक हैं।

ओएफबीजेपी-यूएसए के ए. प्रसाद ने कहा, यह भारत की प्रगति और विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता की गहन अभिव्यक्ति है। भारतीय-अमेरिकी पेशेवर, उद्यमी और शिकागो के निवासी पवित्र हवन में भाग लेने के लिए शहर के उपनगरीय इलाके में स्थित एक हिंदू मंदिर में एकत्र हुए। बयान के मुताबिक, भाजपा की शानदार जीत के लिए सामूहिक प्रार्थना के रूप में चंडी हवन आयोजित किया गया। ओएफबीजेपी के एनआरआई समर्थक वर्जीनिया के फेयरफैक्स में श्री वेंकटेश्वर लोटस मंदिर में 'गणपति होम' करने के लिए एकत्र हुए और भारत की भलाई और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मोदी और भाजपा की जीत के लिए भगवान गणेश का आशीर्वाद मांगा।



# 'वेलकम टू द जंगल' हुई आफताब शिवदासानी की एंट्री

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली मल्टी स्टारर फिल्म में आफताब शिवदासानी की एंट्री हो गयी है। 'वेलकम' और 'वेलकम 2' की सफलता के बाद अहमद खान के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का जब क टाइटल ट्रैक वीडियो शेयर किया गया था, उसमें अक्षय कुमार, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, संजय दत्त, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, परेश रावल, अरशद वारसी, जॉनी लीवर, कृष्णा अभिषेक और राजपाल यादव समेत कई स्टार्स दिखाई दिए थे। फिल्म वेलकम टू जंगल में अब आफताब शिवदासानी की एंट्री हो गयी है।

आफताब शिवदासानी ने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी साझा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अक्षय कुमार के साथ दो तस्वीर शेयर की है। पहली तस्वीर 16 पुरानी है और दूसरी फोटो नयी है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 16 साल के अंतराल पर ली गई (2008 और 2024)। जैसा कि आप देख सकते हैं, कुछ भी नहीं बदला है । इस 'दीवाना' का इस 'पागल' जंगल में 'स्वागत' करने के लिए 'आवारा' को धन्यवाद। बेस इंडस्ट्रीज ग्रुप द्वारा प्रस्तुत 'वेलकम टू द जंगल' फिरोज ए. नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और अहमद खान द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म इस साल के अंत में 20 दिसंबर को क्रिसमस सप्ताह के दौरान रिलीज हो सकती है।



# अनुपम खेर ने 300 साल पुराने 'हनुमान मंदिर' में किए दर्शन


मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता अनुपम खेर ने अहमदाबाद में 300 साल पुराने कैंप हनुमान मंदिर में दर्शन किये। अनपुम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में मंदिर की दिव्य मूर्ति की झलक दिखी। अनुपम खेर को मंदिर के अंदर प्रार्थना करते देखा जा सकता है। अनुपम खेर ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, अहमदाबाद में 300 साल पुराने कैंप हनुमान मंदिर में मुख्य हनुमान जी के दर्शन किए।

यहां पूजा करके मन को बहुत सुखद अनुभूति हुई, शक्ति भी मिली। आपके और आपके परिवार के लिए भी प्रार्थना की। जय हनुमान। बजरंगबली की जय। पवनसुत हनुमान की जय।

# अजय देवगन की फिल्म 'औरों में कहां दम था' को मिली नई रिलीज डेट

मुंबई/एजेन्सी



हाल ही में बोनी कपूर की फिल्म मैदान में नजर आए अजय देवगन की इस वर्ष की 3री प्रदर्शित होने वाली फिल्म औरों में कहाँ दम था एक बार फिर से चर्चाओं में आ गई है। इस फिल्म के जरिये निर्देशक नीरज पांडे लम्बे समय बाद बतौर निर्देशक वापसी करने जा रहे हैं। दर्शकों को ए वडनेसडे, बेबी, नाम शबाना, अय्यारी सरीखी फिल्में देने वाले नीरज पांडे ने अपनी इस फिल्म में अजय देवगन के साथ तब्बू को मुख्य भूमिका में लिया है। अजय देवगन तीन दशक से भी ज्यादा समय से फिल्म इंडस्ट्री में छाए हुए हैं। आज भी प्रशंसकों में अजय के लिए गजब का क्रेज है। निर्माता निर्देशकों के बीच उनकी जबरदस्त माँग बनी हुई है। इस साल अजय की दो फिल्मेंशैतान और मैदान रिलीज हो चुकी हैं। आर माधवन के साथ आई फिल्म 'शैतान' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की। हालांकि ईद (11 अप्रैल) पर रिलीज हुई फिल्म 'मैदान' धूल चाट गई।

अब अजय की एक और फिल्म 'औरों में कहां दम था' को लेकर समाचार आ रहे हैं। प्राप्त समाचारों के अनुसार फिल्म को नई रिलीज डेट मिली है। पहले यह फिल्म 26 अप्रैल को ही प्रदर्शित होने वाली थी, लेकिन लगातार दो महीने में तीन फिल्मों का एक साथ प्रदर्शित होना निर्माताओं को सही नहीं लग रहा था। अजय की इससे पहले शैतान 8 मार्च और मैदान 11 अप्रैल को प्रदर्शित हुई थी। अब औरों में कहाँ दम था को 5 जुलाई को सिनेमाघरों में उतारा जाएगा। निर्देशक नीरज पांडे की इस फिल्म में अजय के साथ तब्बू लीड रोल में है। दोनों इससे 'विजयपथ', 'हकीकत', 'तक्षक', 'फितूर', 'दृश्यम', 'गोलमाल अगेन', 'दे दे प्यार दे', 'दृश्यम 2' और 'भोला' सहित कई फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। यह एक एपिक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जो 2000 और 2023 के बीच सेट है। फिल्म में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी हैं। फिल्म एक एपिक के साथ अनूठी म्यूजिकल लव स्टोरी है। इसे कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का ओरिजनल साउंडट्रैक म्यूजिक डायरेक्टर एमएम क्रीम ने तैयार किया है। फिल्म शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक (पैनोरमा स्टूडियोज) द्वारा निर्मित है।



# भंसाली ने जारी किया हीरामंडी से तीसरा गाना 'आजादी'

मुंबई/एजेन्सी

दिग्गज फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली अपनी वेब सीरीज 'हीरामंडी : द डायमंड बाजार' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। यह सीरीज 1 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके पहले दो गानों 'सकल बन' और 'तिलस्मी बाहें' की जबरदस्त लोकप्रियता के बाद मेकर्स ने आज सोमवार (29 अप्रैल) को तीसरे गाने 'आजादी' को रिलीज कर दिया।

भंसाली ने हमेशा की तरह ग्रैंड स्टाइल, शानदार सेट, शानदार कॉस्ट्यूम्स और बेहतरीन म्यूजिक के साथ 'आजादी' को एएम तुराज के दिल छू लेने वाले बोल से सजाया है।

गाने को अर्चना गोरे, प्रगति जोशी, आरोही, अदिति पॉल, तरन्नुम और अदिति प्रभुदेसाई ने खूबसूरत आवाज दी है। गाने में ढोल और पखावज जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों का इस्तेमाल किया गया है। यह मशहूर फिल्म मेकर्स द्वारा क्रिएट की गई ओरिजनल क्रिएशन है। गाना देशभक्ति का सार पेश करता है, गर्व की भावना पैदा करता है और भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई की भावनाओं को दर्शाता है। सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकारों से सजा गाना भारत के गुमनाम नायकों या आजादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने के लिए तैयार है। मेकर्स ने गाने की पोस्ट को अपने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, ये जंग सिर्फ इश्क और हुकूमत की नहीं, हर हाल में आजादी पाने की है! सीरीज में अध्ययन सुमन, शेखर सुमन, ताहा शाह बदुशा और फरदीन खान जैसे कलाकारों की टोली भी शामिल है।

# भारतीय सिनेमा के जनक थे दादा साहब फाल्के



मुंबई/एजेन्सी

वर्ष 1910 में मुंबई में फिल्म द लाइफ ऑफ क्राइस्ट के प्रदर्शन के दौरान दर्शकों में एक ऐसा शख्स था जिसे अपने जीवन का लक्ष्य मिल गया। दो महीने में उसने शहर में प्रदर्शित सारी फिल्में देख डाली और तय कर लिया वह फिल्में ही बनाएगा।यह शख्स और कोई नहीं भारतीय सिनेमा के जनक दादा साहब फाल्के थे। दादा साहब फाल्के का असली नाम धुंधिराज गोविंद फाल्के था. उनका जन्म महाराष्ट्र के नासिक के निकट त्रयंबकेश्वर में 30 अप्रैल 1870 को हुआ था। उनके पिता दाजी शास्त्री फाल्के संस्कृत के विद्वान थे। कुछ वक्त बाद बेहतर जिंदगी की तलाश में उनका परिवार मुंबई आ गया।बचपन के दिनों से ही दादा साहब फाल्के की रूझान कला की ओर थी और वे इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते थे। वर्ष 1885 में उन्होंने जेजे कॉलेज ऑफ आर्ट में दाखिला लिया. उन्होंने बड़ौदा के मशहूर कलाभवन में भी कला की शिक्षा हासिल की। इसके बाद उन्होंने नाटक कंपनी में चित्रकार के रूप में काम किया. 1903 में वे पुरातत्व विभाग में फोटोग्राफर के तौर पर काम करने लगे।कुछ समय बाद दादा साहब फाल्के का मन फोटोग्राफी में नहीं लगा और उन्होंने निश्चय किया कि वे बतौर फिल्मकार अपना करियर बनाएंगे। अपने इसी सपने को साकार करने के लिए 1912 में वे अपने दोस्त से पैसे लेकर लंदन चले गए। लगभग दो सप्ताह तक लंदन में फिल्म निर्माण की बारीकियां सीखीं और फिल्म निर्माण से जुड़े उपकरण खरीदने के बाद मुंबई लौट आये।

मुंबई आने के बाद दादा साहब फाल्के ने 'फाल्के फिल्म कंपनी' की स्थापना की और उसके बैनर तले राजा हरिश्चंद्र नाम की फिल्म बनाने का निश्चय किया. वे इसके लिए फाइनेंसर की तलाश में जुट गए। इस दौरान उनकी मुलाकात फोटोग्राफी उपकरण के डीलर यशवंत नाडकर्णी से हुई, जो दादा साहब फाल्के से काफी प्रभावित हुए और उन्होंने उनकी फिल्म का फाइनेंसर बनना स्वीकार कर लिया।फिल्म निर्माण के क्रम में दादा साहब फाल्के को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा. वे चाहते थे कि फिल्म में अभिनेत्री का किरदार कोई महिला ही निभाए, लेकिन उन दिनों महिलाओं का फिल्मों में काम करना बुरी बात समझी जाती थी. उन्होंने रेड लाइट एरिया में भी खोजबीन की लेकिन कोई भी महिला फिल्म में काम करने को तैयार नहीं हुई। बाद में उनकी खोज एक रेस्तरां में बावर्ची का काम करने वाले व्यक्ति सालुंके पर जाकर पूरी हुयी।

दादा साहब फाल्के भारतीय दर्शकों को अपनी फिल्म के जरिए कुछ नया देना चाहते थे। वे फिल्म निर्माण में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते थे। इसलिये फिल्म में निर्देशन के अलावा उसके लेखन, छायांकन, संपादन, चित्रांकन की सारी जिम्मेदारी उन्होंने अपने ऊपर ले ली। यहां तक कि फिल्म के वितरण का काम भी उन्होंने ही किया।फिल्म के निर्माण के दौरान दादा साहब फाल्के की पत्नी ने उनकी काफी सहायता की। इस दौरान वह फिल्म में काम करने वाले लगभग 500 लोगों के लिए खुद खाना बनातीं और उनके कपड़े धोती थी. फिल्म के निर्माण में लगभग 15,000 रूपये लगे, जो उन दिनों काफी बड़ी रकम हुआ करती थी. आखिरकार वह दिन आ ही गया जब फिल्म का प्रदर्शन होना था। तीन मई 1913 को मुंबई के कोरनेशन सिनेमा हॉल में यह फिल्म पहली बार दिखाई गयी। लगभग 40 मिनट की इस फिल्म को दर्शकों का अपार समर्थन मिला. फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी।

फिल्म राजा हरिश्चंद्र की अपार सफलता के बाद दादा साहब फाल्के नासिक आ गए और फिल्म मोहिनी भस्मासुर का निर्माण करने लगे। फिल्म के निर्माण में लगभग तीन महीने लगे। मोहिनी भस्मासुर फिल्म जगत के इतिहास में काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी फिल्म से दुर्गा गोखले और कमला गोखले जैसी अभिनेत्रियों को भारतीय फिल्म जगत की पहली महिला अभिनेत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ। यह फिल्म लगभग 3245 फीट लंबी थी जिसमें उन्होंने पहली बार ट्रिक फोटोग्राफी का प्रयोग किया. दादा साहब फाल्के की अगली फिल्म सत्यवान सावित्री 1914 में प्रदर्शित हुई।फिल्म सत्यवान सावित्री की सफलता के बाद दादा साहब फाल्के की ख्याति पूरे देश में फैल गयी और दर्शक उनकी फिल्म देखने के लिए इंतजार करने लगे. वे अपनी फिल्म हिंदुस्तान के हर दर्शक को दिखाने चाहते थे, इसलिए उन्होंने निश्चय किया कि वे अपनी फिल्म के लगभग 20 प्रिंट अवश्य तैयार करेंगे जिससे फिल्म ज्यादा दर्शकों को दिखायी जा सके।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जेबीएन पॉवर की क्या बात, जहां हर महिला आर्थिक रूप से सुदृढ़ और सशक्त होती है। जीतो बिजनेस नेटवर्क (जेबीएन) का एक मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और जैन समुदाय के भीतर व्यापार बढ़ाने में मदद करना है। रेफ़रल समूह के दूसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित होना मेरा सौभाग्य है।



# सिम्फनी पुनीत रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए मुणोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां सिम्फनी स्वर फाउंडेशन की ओर से डॉ. राज पुण्योत्सव का दूसरा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कन्नड़ सिनेमा के ध्रुव सितारे जैसे अभिनेता डॉक्टर राजकुमार और डॉ. पुनीत राजकुमार की स्मृति में एक संगीत संध्या का आयोजन किया गया। रवींद्र कलाक्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में दिग्गज अभिनेत्री भव्या, अनुभवी निर्माता एसए लहरी, संगीत संस्थान के चिन्नेगौड़ा वेलु ने विजयनगर मारुति मेडिकल्स के प्रमुख एवं गोसेवक महेंद्र मुणोत को चुनाव प्रचार जागरूकता और सिनेमा के क्षेत्र में उपलब्धि के लिए सिम्फनी पुनीत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।

इसी मंच पर विभिन्न क्षेत्रों में दस उपलब्धि हासिल करने वालों को सिम्फनी राजरत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया और दस उपलब्धि हासिल करने वालों को सिम्फनी पुनीतरत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

साउंड ऑफ म्यूजिक के गुरुराज, आईपीएस अधिकारी आईजीपी डॉ. बी.आर. रविकांत गौड़ा, वरिष्ठ हास्य अभिनेता बेंगलूरु नागेश, वरिष्ठ अभिनेत्री शैलश्री और अन्य उपस्थित थे।

# जेबीएन का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। जेबीएन पॉवर की क्या बात, जहां हर महिला आर्थिक रूप से सुदृढ़ और सशक्त होती है। जीतो बिजनेस नेटवर्क (जेबीएन) का एक मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और जैन समुदाय के भीतर व्यापार बढ़ाने में मदद करना है। रेफरल समूह के दूसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित होना मेरा सौभाग्य है। मिलोगे और मांगोगे तो पाओगे यही जेबीएन का विश्वास है – जेबीएन देना के लिए ही बना है! यह बात जीतो चेप्टर बेंगलोर नॉर्थ के अंतर्गत जीतो लेडिस विंग द्वारा संचालित जेबीएन वी कनेक्ट महिलाओं के रेफ़रल मीट नवमनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह जीतो कार्यालय राजाजीनगर में जेबीएन अपेक्स संयोजिका ज्योति जैन–कलकत्ता ने कही। उन्होंने बेंगलूरु नॉर्थ चैप्टर को बधाई देते हुए कहा कि 43 सदस्यों का पहला महिला रेफरल समूह शुरू करने का जेबीएन में आप सशक्त हस्ताक्षर रहोगे जो रेफरल के माध्यम से व्यवसाय उत्पन्न कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं मल्टीटास्कर होती हैं और घर और काम दोनों को समान रूप से बेहतर ढंग से प्रबंधित कर सकती हैं। उन्हें बस सुविधा क्षेत्र से बाहर आना होगा और गृहिणी से उद्यमी बनने की अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बड़े सपने देखना होगा। सुमन रांका ने रेफ़रल हेड, पिंकी मेहता ने रेफ़रल लीड और सीमा शाह ने रेफ़रल सेक्रेटरी एवं पूरी टीम ने ज्योति जैन द्वारा शपथ ग्रहण की। रेफ़रल मीट का शुभारम्भ नवकार मंत्र से हुआ। मुख्य वक्ता जेबीएन संयोजक केकेजी ज़ोन के तुषार बाफ़ना ने कहा कि एक ऐसा मंच है जो आपसी नेटवर्किंग को महत्व देते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। सदस्यों को अपने उत्पादकता, प्रेरणा और आपसी सौहार्द की भावना से एक–दूसरे को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और प्रभावी नेटवर्किंग की अनिवार्यताएं बताईं और बताया कि कैसे नेटवर्किंग हमारे व्यवसाय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अपेक्स जनरल सेक्रेटरी एवं जेबीएन संस्थापक संजय जैन–कलकत्ता ने व्यावसायिक गुर सीखाते हुए महिलाओं को प्रेरणा दी कि बिजनेस के सफर में जीरो से हंड्रेड तक का आंकड़ा हार्ड वर्क से, सौ से हज़ार तक का आंकड़ा स्मार्ट वर्क से और हज़ार से लाख तक का आंकड़ा नेटवर्क से हासिल किया जाता है। संजय ने स्मॉल स्केल बिज़नेस और इंडस्ट्री उद्योग आदि को लागू करने की योजन साझा करते हुए करने की प्रेरणा दी। उन्होंने जेबीएन ट्रेडमार्क संवाद 'मिलोगे तो मिलेगा' के साथ सभी पर एक अमिट छाप छोड़ी। रेफ़रल संयोजक मनोज कोचर ने जीतो –जेबीएन के अंतर्गत पुरुषों और महिलाओं के समग्र विकास तंत्र के बारे में बताया की इसके माध्यम से महिलायें कनेक्ट रेफरल समूह द्वारा प्रस्तुति कौशल, संचार कौशल और व्यावसायिक कौशल पर शिक्षित हो अपने सपनों को पंख दें। रेफ़रल मीट में नवोदित सदस्य हैंडमेड स्किनकेर व्यवसायी किंजल जैन ने अपने व्यवसाय पर पॉवर पॉइंट प्रस्तुति दी। सर्वाधिक बिज़नेस हेतु रीतिका जैन एवं सर्वश्रेष्ठ व्यवसाय प्रस्तुति में लीला पितलिया को पुरस्कृत किया गया। भूतपूर्व टीम सुष्मिता सेठिया, भाविका कोठारी, तनुजा मेहता ने नवोदित टीम को बधाई दी एवं कार्यभार सौंपा। मीनाक्षी जैन पूर्वी दसानी एवं मीना जैन ने अनुभव साझा किए।

जीतो चेप्टर बेंगलूरु नॉर्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा, महामंत्री सुधीर गादिया, लेडिस विंग संयोजक कमल पुनमिया, जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफ़ना, सहसंयोजक मदन जैन ने शुभकामनाएँ दी। लेडिस विंग अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने स्वागत किया। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद दिया।

# दक्षिण भारत में हमारा प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नईदिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को दावा किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में दक्षिण भारत में उसका प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा जहां वह कर्नाटक को छोड़कर अन्य राज्यों में पारंपरिक रूप में कमजोर रही है। केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पर सरासर झूठ और गलत सूचनाओं के साथ एक अभियान चलाने का आरोप भी लगाया।

तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद एवं कांग्रेस उम्मीदवार शशि थरूर के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि चार जून को लोकसभा चुनावों की मतगणना के दिन इतिहास रचा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने केरल और तमिलनाडु में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और दक्षिण भारत से उसकी कुल सीटें इस बार 60 के करीब होंगी। इस क्षेत्र में लोकसभा की कुल 131 सीट हैं। भाजपा ने 2019 में कर्नाटक में 25 सीट सहित कुल 29 सीट जीती थीं, जबकि आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु में उसका खाता भी नहीं खुल सका था। लोकसभा के लिए चल रहे चुनाव के पहले दो चरणों में केरल और तमिलनाडु में मतदान संपन्न हो चुका है। चंद्रशेखर ने कहा कि भाजपा केरल में नौ सीट पर कड़ी टक्कर दे रही है और लोग तमिलनाडु के राजनीतिक परिदृश्य में नाटकीय बदलाव देखेंगे क्योंकि वहां पार्टी दूसरी प्रमुख ताकत के तौर पर उभरी है। उन्होंने कांग्रेस पर सरासर झूठ, दुष्प्रचार, बेहद फर्जी (डीपफेक) वीडियो और अजीबोगरीब' आर्थिक प्रस्तावों से भरा अभियान चलाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह इतनी हताश हो गई है कि वह मतदाताओं को गुमराह कर रही है कि भाजपा संविधान बदल देगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस तरह का दावा उस पार्टी की ओर से आया है जिसने संविधान में सबसे ज्यादा बार संशोधन किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो के मामले में केंद्रीय मंत्री ने इसके लिए कांग्रेस को दोषी ठहराया और कहा कि विपक्षी पार्टी वही कर रही है जिसके बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत पहले डीपफेक के बारे में चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि डीपफेक को बढ़ावा देने के खिलाफ कानून में कड़े प्रावधान हैं।



# न्यूरो साइंस पर जागरूकता कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां विजय संभव फाउंडेशन और सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल ने न्यूरो साइंस पर जागरुकता अभियान की शुरूआत किया। एचएसआर लेआउट के ब्रॉडवेज रेस्टोरेंट में विजय संभव फाउंडेशन और सकरा वर्ल्ड हॉस्पिटल की टीम ने एक इवेंट में सकरा हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जन डॉ दिलीप मोहन से चर्चा किया। उनसे न्यूरो साइंस (तंत्रिका तंत्र) से सम्बन्धित विषय पर चर्चा किया और बहुत सारी बातों की जानकारी भी मिली।

इस सामुदायिक बैठक का मुख्य उद्देश्य फाउंडेशन के साथ मिलकर समाज में एक सकारात्मक पहल करते हुए सभी को इसके बारे में जागरूक किया जाय। इसी कड़ी में विजय संभव फाउंडेशन की ओर से देश को प्लास्टिक मुक्त करने के लिये वहां उपस्थित सभी लोगों को एकोफ्रेंडली कपडे के थैलों का वितरण किया गया। और सभी ने यह संकल्प लिया की हम भविष्य में कभी प्लास्टिक बैग उपयोग नही करेगें। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ रवि राज हंस और मशहूर कवयित्री लेखक रीता सिंह, राही राज और प्रीति राज ने डॉ दिलीप मोहन को विजय संभव फाउंडेशन की ओर से शाल, स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए उन्हें सम्मानित किया। रीता सिंह ने डॉ दिलीप मोहन व फाउंडेशन के सदस्यों को अपनी पुस्तक 'वीरांगनाये' व 'खादी और खाकी' मासिक पत्रिका भेंट की। राही राज ने भी अपनी पुस्तक डॉ दिलीप मोहन और विजय संभव फाउंडेशन के फाउंडर डायरेक्टर डा विजय कुमार रंजन को भेंट की। इस कार्यक्रम में सकरा हॉस्पिटल के मनु शर्मा और गौतम सिंह, विजय संभव फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ रवि राजहंस का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर कानूनी सलाहकार सोनल कीर्ती, सदस्य विजय शंकर गुप्ता, भुवनेश गुप्ता, हर्षा गुप्ता, मडिया दास, प्रीतम आदि मौजूद रहे।

# 'इच्छाओं को निरोध करना ही तप है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में यहां महावीर भवन में आयोजित प्रवचन में साध्वीश्री सुशीलाकंवरजी ने कहा कि तेरा मेरा करने वाला और जीवन में टेढा मेढा चलने वाला हमेशा तनाव में रहता है। दुर्लभ मनुष्य भव पाकर हमें सरल बनना चाहिए। नम्रता हमारा अलंकार बने। हमारे पूर्वज पूर्ण रूप से झुक कर प्रणाम करते थे। आज प्रणाम की रीति मात्र प्रतीकात्मक रह गई हैं। ऐसा लगता है मानो औपचारिकता और रस्म अदायगी हो रही हो। साथ ही साथ हम अपने वचनों में भी उदार रहें। हमारे वचन किसी के लिए मलहम बन जाए।

प्रवचन के प्रारंभ में साध्वीश्री चैतन्याश्री जी ने कहा कि जितना हमारा पसारा बढेगा, उतना ही हमारा तनाव भी बढेगा। इच्छा का निरोध करना ही तप है। इच्छाओं पर नियंत्रण हमारी प्रसन्नता का राज है। जो मिल गया वो फिलहाल काफी हैं। यह मस्त जीवन पद्धति हैं। विचारों के उफान में हम उफनते रहते हैं। इसीलिए हम परस्त रहते हैं। हम अपने शब्दों की कीमत पहचाने और जहां आवश्यक न हो वहां से अपने शब्दों को बचा लें।

सभा का संचालन करते हुए अलसूर जैन संघ के मंत्री अभय कुमार बांठिया ने बताया कि आगामी 5 मई को गणेश बाग में साध्वी श्री सुशीलाकंवरजी के स्वर्ण दीक्षा वर्ष को तप त्याग व गुणानुवाद के साथ मनाया जाएगा। अध्यक्ष नेमीचन्द चोरडिया ने कृष्णराजपुरम से विहार कर पधारे महासतीजी का स्वागत किया और विहार सेवा देने वालों को धन्यवाद दिया।



# ऑनलाइन गेम्स खेलने के लिए घर में ही की चोरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां नाबालिग तीन लड़के एक ही क्लॉस में पढ़ रहे हैं। उनमें से एक लड़के को मोबाइल पर बीजीएमआई, पबजी और ड्रीम 2 पर पैसे से खेलने का चस्का लग गया। वह आए दिन पैसों से खेलने लगा। यह देखकर उसके अन्य दो दोस्तों ने उससे कहा कि उसे भी पैसे दें नहीं तो वह उनके घर पर इसकी जानकारी दे देंगे। लड़के ने कहा कि उसके पास पैसे नहीं है तो उन्होंने लड़के को कहीं से भी पैसे लाने को कहा। उन्होंने घर में से चोरी करने की भी बात उसे बताई। यह समझ कर लड़के ने घर में रखे 700 ग्राम आभूषण लेकर आया और उसे अन्य दो दोस्तों को दिखाया सभी ने मिलकर यह गहने चार लोगों को बेच दिए। जब लड़के के पिता को घर में सामान चोरी का संदेह हुआ तो इसकी शिकायत लड़के के पिता ने राजराजेश्वरीनगर पुलिस में दी। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए अन्य दो लड़कों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि सोना उन्होंने अन्य दो लोगों को बेच दिया।

नगर पुलिस आयुक्त दयानंद ने बताया कि जांच करते हुए चार लोगों से 202 ग्राम सोने की सिल्ली व 23 लाख 50 हजार नकद रुपए बरामद किया। दो अन्य लोग जिनको सोना बेचा था वह कोप्पल चले गए हैं पुलिस उनकी जांच कर रही है। ऑन लाइन खेल में लाखों रुपए कमाने के लिए घर में रखे लाखों रुपए के गहने की चोरी बच्चे करने लगे हैं। पुलिस आयुक्त ने सभी को इस तरह के मामलों से बचने की सलाह दी।

वहीं एक अन्य मामले में सीसीबी पुलिस ने बेलन्दूर में अवैध रूप से ब्रांड कम्पनियों के गैस सिलेन्डरों को रिफीलिंग कर रहे एक गोडाउन पर छापा मारकर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को 265 सिलेन्डर और 15 रिफीलिंग राड यहां मिली हैं।

## घर का सुरक्षा कर्मी लाखों रुपए और कीमती सामान ले उड़ा

बेंगलूरु। एक उद्यमी के घर से 200 ग्राम गोल्ड ज्वेलरी, डायमन्ड और दस लाख रुपए नकद लेकर उनके यहां काम कर रहे एक सुरक्षाकर्मी और उसकी पत्नी की पुलिस को तलाश है।

जानकारी के अनुसार हेन्नुर पुलिस थाना में जोसेफ थॉमस ने अपनी शिकायत में बताया है कि गत 28 अप्रैल को वह परिवार के साथ शाम 6 बजे फिल्म देखने गए। रात को जब वह 11 बजे वापस लौटे तो देखा कि सुरक्षाकर्मी और उसकी पत्नी नदारद थे। घर के दरवाजे खुले हुए थे और रूम में सामान इधर उधर फैला हुआ था। पुलिस इन दोनों की तलाश कर रही है।



# कर्नाटक जैन स्वाध्याय संघ द्वारा अलसूरु में धार्मिक शिक्षिण शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक जैन स्वाध्याय संघ एवं श्री श्वेतांबर स्थानक वासी जैन श्रावक संघ अलसूर के संयुक्त तत्वावधान में यहां नूतन भवन में धार्मिक शिक्षण शिविर में करीब 90 बच्चे धार्मिक संस्कार प्राप्त कर रहे हैं। प्रति वर्ष

## समापन 4 मई को

बेंगलूरु के अनेक उपनगरों में ग्रीष्मावकाश में लगने वाले शिविरों की कड़ी में लगने वाले इस शिविर में बच्चों को धार्मिक ज्ञान के साथ साथ अपनी संस्कृति और संस्कारों की भी शिक्षा दी जाती है और बच्चों की प्रतिभा को निखारने के प्रयास होते हैं।

शिविर का समापन 4 मई को होगा। शिविर में मंजु लोढा, सूरजीबाई छाजेड, राजु बाई बोहरा, किरण गादिया, राजेश्वरी तातेड, मधु मकाना, दीपा कोठारी, कंचन बाई गादिया एवं सुमित्रा बाई सांखला अध्यापन सेवा दे रहे हैं।

स्वाध्याय संघ की ओर से अलसूर संघ के मंत्री अभय कुमार बांठिया एवं भरत सांखला ने शिविर का निरीक्षण किया।

# संतों ने मैसूरु के आश्रम का किया दौरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। विहार के दौरान आचार्यश्री प्रसन्नसागरजी एवं अन्य मुनिगण मैसूरु के गणपति सच्चिदानंद आश्रम पहुंचे। यहां प्रवचन में आचार्यश्री ने कहा कि परमात्मा केप्रति हृदय में कृतज्ञता, विश्वास और श्रद्धा होने पर ही भक्ति का जन्म होता है। भक्ति के जल से आत्मा को प्रक्षालित और पावन बनाया जा सकता है। भक्त भक्ति की सीढी पर चढ़कर ही परमात्मा के प्रसाद में प्रवेश करता है। परमात्मा के नाम की जरा सी चिंगारी भी अनंत जन्मों के कर्मों के समस्त वन को जला देती है। परमात्मा संयम धारण करने से मिलता है। उपसर्गों को सहन करना पड़ता है। व्यक्तित्व की आग ऐसे ही नहीं जलती, भीड़ का त्याग करके ध्यान की साधना से जलती है। आचार्यश्री प्रसन्न सागरजी, उपाध्यायश्री पीयूष सागरजी, प्रवर्तक मुनिश्री सहज सागरजी, निर्यापक मुनिश्री नवपद्म सागरजी, ससंघ 16 पिछी सहित मैसूर आश्रम पहुंचे। यहां सच्चिदानंद स्वामी ने दण्डवत साष्टांग प्रणाम कर बैंड बाजे के साथ संतों की मंगल अगवानी की। इस अवसर पर आश्रम में 4000 से भी ज्यादा लुप्त हुए विदेशी पक्षियों के पक्षीघर का भी संतों ने अवलोकन किया। ये पक्षी रात में खाते नहीं, रात में बोलते और उड़ते भी नहीं है। सभी पक्षी सर्वोत्तम फल दिन में खाते हैं। यहां का बोनसाई का बगान भी अद्वितीय है उसका भी अवलोकन संतों ने किया।



# नमस्कार महामंत्र ही आधार है : आचार्य महेन्द्रसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जमखंडी। यहां विहार करते हुए श्री धर्मनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में पहुंचे आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी म.सा.ने एक धर्मसभा में कहा कि प्रभु आज्ञा का आराधन मोक्ष का कारण होता है। प्रभु आज्ञा का विराधन संसार का कारण बनता है।

उन्होंने कहा कि योग्य को नमस्कार नहीं करने वाले क्या अयोग्य को नमस्कार करने वाले को अनिच्छा से भी सदा झुकना पड़े तो ऐसी तिर्यंच गति एवं वृक्षादि के भवों की प्राप्ति होती है। तिरस्कार भाव को दूर करने के लिए नमस्कार मंत्र को अस्थिमज्ज्ञा बनाना अनिवार्य है। नमस्कार मंत्र से पापों का नाश और पुण्य की वृद्धि अपने आप होती है। तिरस्कार के पाप से बचने के लिए नमस्कार महामंत्र ही आधार है अतः जो नमस्करणीय है, उन्हें नमन करना यह प्रथम धर्म है।

# विप्रो के नए सीईओ को वेतन सालाना करीब 60 लाख डॉलर

बेंगलूरु/नई दिल्ली। विप्रो के नए सीईओ श्रीनिवास पल्लिया को 60 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 50 करोड़ रुपये) तक का वार्षिक पारिश्रमिक मिलेगा। इसमें वेतन और अन्य लाभ शामिल हैं। बेंगलूरु स्थित आईटी कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। विप्रो ने अप्रैल में थिएरी डेलापोर्टे के अचानक इस्तीफे के बाद पल्लिया को अपना नया सीईओ और प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की थी। पिछले साल विप्रो में डेलापोर्टे का 80 करोड़ रुपये से अधिक का वार्षिक वेतन सुर्खियों में रहा था। विप्रो ने शेयर बाजार को बताया कि पल्लिया का पारिश्रमिक 35 लाख डॉलर से 60 लाख डॉलर प्रति वर्ष (मूल वेतन और लक्षित वैरिएबल पे आधारित भुगतान के निचले और ऊपरी स्तर के अनुसार) के बीच होगा।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com